मुदा ई जिनगी
तेहन कसकूट बाटी थिक जे
कतबो ओरियाक' किछु राखू
कसाइन होयबे करत।

पाँच

ई दुलार-सिनेहक कथा
एकटा विशाल दैत्य
अपना दुर्दान्त मुट्ठी मे कसने अछि
आब इतिहास मे भेटत ओ शब्द सभ
ई युग थिक तप्पत वर्तमानक
जकरा ऊपर मे छैक लाबा-फरही
अन्तर मे बरकैत अग्नि-स्रोत।

रचनाकाल : 17 मइ 1970
मिथिला मिहिर : 28 जून 1970

आजुक उत्तर

एखने खरखराक' बैसल अछि
अन्हरियाक प्रेत
अपन अजगरी जिह्वा सँ
छिड़िया देलक अछि विष-प्रश्न
सुनत कोन मंत्र
कोन स्वर
अहाँ कोना बूझि सकब उत्तर?

शास्त्रक हथौड़ा सँ सुन्न अछि कपार
अनेक वर्ष धरि होइत रहल
विशेषज्ञ सभक दण्ड-प्रहार
फ्रेम मढ़ल कागत मे निर्वासित शोध
भोथ भ' गेल बन्धु अहँक
शुद्ध आत्म-बोध
क' लेलक गुफाक भूत काया-प्रवेश
अथवा छी अप्रतिभ वेश
एहि घोल-फचक्का सँ
जाहि मे जुटल अछि बड़े उत्साह सँ
विद्यालय, विश्वविद्यालय
सरिपहुँ छी बन्धु अहाँ
किंकर्त्तव्यविमूढ़!

शब्दक बोरा मे
अर्थक अल्हुआ भरबाक प्रक्रिया सँ
अहाँ मोहाविष्ट छी
मुदा काल-रथ ककरो लेल रुकल अछि?
यथास्थितिक आग्रही दैत्य सभक लेल
लिय' जागि लेल
शेष-शय्या सँ क्रोधोत्थित
सृजनैषी मधुसूदन
फेकू अपन खोल
हटाउ अपन तंत्र-मंत्र
दूर करू पूर्वाग्रह

सुनू नवीन ऋचा
उदयाचलक शिखरपर
नव्य-काव्य-स्वर
जे केवल हमरे नहि
समस्त विश्वक थिक
अतीत केँ देल गेल
आलोकित, ऊर्जस्वल, आजुक उत्तर।

रचनाकाल : 21 मइ 1970
मिथिला मिहिर : 28 जून 1970

आक्रामक स्वर

खंड सत्य। विस्थापित
भावनात्मक एकताक
फोंक-फूसि नारा।
सार्वभौम क्रमबद्धता केँ तोड़ि
हमरा ने शुक्लक डर अछि
ने कृष्णक

हम अहाँ जकाँ तटस्थ द्रष्टा
नहि, भोक्ता छी।
गाछपर सँ उतरल एकटा
लुक्खी (नारी)
अहाँक मस्तिष्क पर
अनेक वर्षधरि पड़ैत रहल अछि
काव्य-शास्त्रक हथौड़ा।
ततेक पिटा गेल अछि
जे शुद्ध बोध पिचा गेल अछि,
पचकि गेल अछि
ओ पुरना प्रेत अहाँक घेंट दबौने अछि।
अथवा घोल फचक्का-
सँ अहाँ अप्रतिभ
भ' गेल छी किंकर्त्तव्यविमूढ़।

शब्दक बोरा मे अर्थक
अल्हुआ भरबाक
प्रक्रिया सँ अहाँ
मोहाविष्ट छी।

ओम्हर पीपरक गाछ
एकटा ब्रह्मराक्षस
भाष्यकारक टीका केँ
चरि रहल छैक बकरी
तखन अजा-भक्षित
भ' जायत अहाँक काव्य
यथास्थिति केँ बनौने
रखबाक आग्रही
दैत्य सभ केँ नमस्कार
लिय' जागि गेल अछि
शेष नागक
शय्या सँ क्रोधोत्थित
मधुसूदन।
हमर स्वर केवल
हमरे नहि थिक
ई थिक समस्त
विक्षुब्ध विश्वक
आक्रामक स्वर।

रचनाकाल : 20 मइ 1970
मिथिला मिहिर : 27 सितम्बर 1970

खिस्सा-पिहानी

हऽ
उखड़ि गेल गाछ
अतिवृद्ध, जर्जर
डारि सभ मे कठपिल्लू
घोरन छल लुधकल
टुस्सी सभ मे बाँझी आ कोंकराहा
जाला छलैक छाड़ल
गाछ छलैक मारल
बेस उँचका डीहपर
इतिहासक जीहपर
दोहराओल जाइत छल ओकर नाम
फल्लाँ बाबूक घड़ारी परक गाछ
(हड़ाशंख गाछ)
जनम' नहि दैत छलैक छाहरितर किछु
उच्चवंशावतंस पीपरक गाछ
बैसाख नहाबय बाली सभ
ओकरा जड़ि मे पानि ढारि
गोसाँइक नाम सुनैत छलि
पुण्यलोभे ओकर खिधांस सुनि
आँखि-कान मुनैत छलि
कतेकोक बेटा
बेटा केँ नोकरीक जोगार
फल्लाँ गामबालीक जमायक भातिज

आ कि भागिनक सार
भरिसक ओहि गाछक कृपासँ पौने छल
खुशफैल रोजगार
तें सब लुबधल छलि
पसरल आँचर
हे भगवान
रखिहह एहिपर ध्यान
ज'ड़ि लग ब्रह्मक घोड़ा
फुनगी पर ब्रह्मराक्षस
की लेब?
की ले...ब...?
फ'ड़ आब नहि छलैक
दर्प छलैक छाहरिक
नवका छौड़ा सभ ढेलमौस चलबैत छल
कोनो फुनगी केँ निशाना बनबैत छल
वृद्ध जरद्गव केँ कनबैत छल

उखड़ि गेल पुरना से गाछ
बिहाड़िये छल जोरगर
उखड़ल अछि तइयो जड़ि छैक लगले
तें पारू कोदारि
खूनि दियौक चकरगर केँ चौर
चलाउ कुड़हरि
काटू एकर मुसरा
जे हँटय ई ढेंग
जमीन हो साफ
पुरना केँ आब कहू के करतैक माफ?

रचनाकाल : 20 मइ 1970
मिथिला मिहिर : 27 सितम्बर 1970

तीन टा टुकड़ी

तारुण्यक दरपन
हाथसँ छूटि गेल
आसक्ति अशक्तताक
पाथर पर फूटि गेल।

पैघ लोक बनलहुँ अछि
ज्ञान-बुद्धि मांगि क'
हमरा सँ मंगलहुँ तँ
राखि देब धाँगि क'

लोक तँ लोक थिक
विशेषण बिनु संपूर्ण
नहि तँ डाक्टर, रोगी
निर्धन, धनीक चूर्ण

आरंभ : मइ-जुलाइ 1983

• • •

आओ गाएँ इंद्रधनुष

दो शब्द

परमस्नेही मित्र श्री 'किसुन' जी की ये रचनाएँ जीवन के प्रथम भाग की ही रचित हैं। इस छोटी-सी पुस्तिका में कवि-मानस की तरल भावनाएँ किस तरह स्रोत बनकर उमड़ पड़ी हैं, बचपन की मीठी-मीठी मधुमयी स्मृतियाँ किस तरह सजीव हो उठती हैं, इसका पता तब लगता है जब—

सब गये बाग, मैं भी जाता
माँ! झूला आज लगाऊँगा
तू बाबूजी से मत कहना
मैं आज न पढ़ने जाऊँगा।

मानस-पटल पर बचपन की ये बातें प्रतिबिंबित हो जाती हैं। सचमुच—

कितने सुखमय थे वे प्रिय दिन
सुध-बुध सारी खो जाती है!

कवि की यह उक्ति सिद्ध हो जाती है।

भाषा को सुललित एवं भावपूर्ण बनाते हुए भी कवि इस बात को नहीं भूलता है कि यह बालोपयोगी साहित्य बालकों के हृदय को स्पर्श कर सके। 'प्रश्न' शीर्षक वास्तव में प्रश्न बनकर सामने रह जाता है। 'मोटा बैगन' में स्वाभाविक हास्य चूता हुआ मालूम पड़ता है, जिसमें एक कहानी को बड़ी अच्छी तरह छंद के बंधन में बाँध कर चित्रित किया गया है। कवि यद्यपि प्रौढ़ हो गया है, फिर भी बचपन और बचपन की छोटी-मोटी बातों के प्रति हृदय में कितनी ममता है इसका अनुभव स्वयं किया जा सकता है।

श्री चन्द्रनाथ मिश्र 'अमर'
मंत्री, नवरत्न गोष्ठी; दरभंगा

प्रकाशक की ओर से

'आओ गाएँ' के सरस कवि श्री किसुन जी की ये कविताएँ बिहार के सुप्रतिष्ठित 'बालक' तथा 'किशोर' आदि में समय-समय पर प्रकाशित हो चुकी हैं। हिंदी में बाल-साहित्य का जो अभाव रहा है, वह किसी से छिपा नहीं है। इसे देखते हुए इन कविताओं का लघु-संग्रह किया गया है। पुस्तक के विषय में तो कुछ कहना नहीं है, वह आप ही निर्णय करें। हाँ, इतना भर कि यदि बालकों को यह सुंदर खिलौना भा सका, तो शीघ्र ही कला मंदिर की ओर से इस प्रकार की अन्य पुस्तकें प्रस्तुत की जाएँगी।

हम कला मंदिर की ओर से नवरत्न गोष्ठी, दरभंगा के मंत्री तथा 'वैदेही' के संपादक श्री चंद्रनाथ मिश्र 'अमर' को धन्यवाद दिए बिना नहीं रह सकते, जिन्होंने कृपापूर्वक इसकी भूमिका लिखी है। और साथ ही मिथिला प्रेस, दरभंगा के व्यवस्थापक के हम कृतज्ञ हैं, जिनके सहयोग से प्रकाशन को सुंदर बनाने में हम सफल हो सके हैं।

नागेश्वर कलामंदिर
सुपौल, भागलपुर

प्रकाशक

नयन में सपने-सा जब झूल
थिरकता मधुमय सखे, अतीत
तभी सहसा हिल उठते होठ
निकलता मधुर बाल-संगीत

प्रश्न

कौन है वह ?
विश्व का विभु जो कहाता
है बना जग शांत सम्मह
कौन है वह ?
अति निविड़-तम
अंधकारों में समागम
इस उषा औ' सूर्य का
मृदु प्रेम-संगम
जग-प्रकाशी
बाल-रवि का रथ-तुरंगम
भागता लाया उदासी
आ गयी संध्या मनोरम
ये विहंगम
गा रहे हैं गीत रह-रह

कौन है वह ?
विपिन मंजुल
विटप कंटक से समाकुल
पक्षियों के मधुर-रव से
विकल, संकुल
यह हिमांचल
दीखता है भव्य उज्ज्वल
तीव्र-तप में मग्न

किसकी भक्ति परिमल
और सागर
धो रहा किसका पदोत्पल?
यह क्षपाकर औ' प्रभाकर
नयन किसके हैं सुनिर्मल?
औ' नदी-जल
पूछता क्या प्रश्न बह-बह
कौन है वह?

शैशव की स्मृति

शैशव की जब याद हृदय में
मधुर-मधुर-सी हो आती है।
कितने सुखमय थे वे प्रिय दिन!
सुध-बुध सारी खो जाती है।

रजनी, मैं, जगदीश, हरी, ये
सब के सब थे नटखट लड़के।
सूरज के पहले ही निंदिया
चल देती, उठते हम तड़के।।

रोज बिछावन से उठ, आँखें
मल, सीधे बस चल देते थे।
सब के उठने के पहले ही
घर से हम सब टल देते थे।।

मोहन की फुलवारी में ही
रोज हमारा दल जाता था।
सूनी-सी थी वह फुलवारी
वहाँ नहीं कोई आता था।।

ईंटों के चुल्हे होते थे
मिट्टी की थी पुरी-मिठाई

सजधज कर चीजें बिकती थीं
मैं बनता 'भगलू' हलवाई।।

खाने को वे सब आते थे
ले-ले कर झिकड़ों के पैसे।
तोल-तोल कर मैं देता था
भाव पटाकर जैसे-तैसे।।

पर जब भैया आ जाते थे
सुध-बुध सारी खो जाती थी।
बस फिर तो सारी टोली ही
'नौ दो ग्यारह' हो जाती थी।।

आज बन चले हैं सपने-से
बचपन के वे खेल हमारे।
मधुमय शैशव के प्यारे दिन
आज न जानें कहाँ सिधारे।।

फुलवारी

मेरी छोटी-सी फुलवारी
हरी-भरी
ये कोमल किसलय
कुंजित, गुंजित
सुंदर, मधुमय
छविशाली, मतवाली, प्यारी
मेरी छोटी-सी फुलवारी।

मुक्त लुटाती सौरभ सुंदर
गुन-गुन कर आते हैं मधुकर
राजा भौंरा, तितली रानी
दोनों की चालें मस्तानी
राजा गाता
चलता मधु-स्वर

रानी करती नृत्य विहँस कर
कोमल गीली पंखुरियों पर
प्रतिपग रखती सुंदरता के
छविमय, मधुमय
मतवाली-सी
बन, वसन्त-बाला
भूतल की मुग्ध-अप्सरा
भर मधु प्याली

मतवाली-सी
सजी-धजी, यौवन-लाली-सी।

तरु-तृण-लतिका
झूम-झूम कर
ताल मधुर भर
सिहर-सिहर उठती है गुम-सुम।
खिल उठता उपवन का हीतल
चल पड़ती है शीतल-शीतल—
करती वितरण
प्रतिपल, प्रतिक्षण
मधु सौरभ ले
हवा, पुलक कर
हँस उठते तरु
खिलता मंजर
गुम-सुम, गुम-सुम
नवल कुसुम
गति सुर से हिल-हिल
मधु उँड़ेलता—
झूम-झूम खिल
जुही चमेली
श्वासों में भर सौरभ, बेली

यह गुलाब बनता है राजा
रानी मिल करती रँगरेली
पुलकित, हुलसित
हो उत्फुल्ल, उल्लसित, विकसित
हिला-हिला पादप फुनगी-शिर
आलिंगन कर लतिका को चिर
सरल ताल में झूम, पुलकता

लता लिपटती बाँह खोल, फिर
रोम-रोम पुलकित होता है
हिल उठते हैं कोमल पत्ते
मधुमक्खी तज मधु के छत्ते
लोट-लोट पड़ती कुसुमों पर
करती भन-भन

कलामयी, कविता गा नूतन
मेरा उपवन
प्रतिपल सुधा लुटा कर भरता
उन्मन-उन्मन उर में चेतन
मधुमय जीवन
चिर-सुंदर
सुख का प्रिय निर्झर
उमड़-उमड़ बहता जगती पर
सराबोर रस में रहती है
तरु तृण लतिका क्यारी-क्यारी
मेरी छोटी-सी फुलवारी
सुर-नंदन की रुचि ले सारी।

मोटा बैगन

दो भाई थे कल्लू मल्लू दोनों भाई थे भोदू।
मल्लू था सर्वे का झंडा कल्लू तेली का कोल्हू।।
दोनों बैठे थे दूरे पर बात हो रही थी खासी।
देखा आता बाँकी लेने जमीन्दार का चपरासी।।

बोला मल्लू, भागो भाई, आती सर पर बड़ी बला।
सुनकर बैगन की बाड़ी में कल्लू झटपट भाग चला।।
वह सरपट भागा जाता था तोंद दे रही थी बाधा।
हलचल में वह समझ न पाया आगे में आया खाधा।।

लुढ़का वह फुटबॉल सरीखे गड्ढे में थुलथुल करता।
निकला फिर भी किसी तरह से कीचड़ ले आहें भरता।।
लगता था कीचड़ से निकला ओद बोद होकर हाथी।
लंबी-लंबी साँस तेज थी ज्यों लुहार की हो भाथी।।

गिर कर भी भागा जाता था कुढ़ता-सा वह मन ही मन।
छुपा वहाँ पर जहाँ बड़े से थे बैगन के पेड़ सघन।।
आया चपरासी तो पूछा 'क्या कल्लू जी गये कहीं?'
बोल उठा हड़बड़ में मल्लू, बैगन-बाड़ी गये नहीं।।

सच कहता हूँ गये देहली नहीं मिलेंगे भर बरसात।
सुन कल्लू की उड़ती बोली समझ गया वह सारी बात।।

बोला चपरासी मल्लू से 'मुझे चाहिए बैगन चार'।।
'चलिये बाड़ी' सुन मल्लू भी चला साथ में हो लाचार।।

उसने कल्लू जी को देखा पड़ा हुआ हो जैसा काठ।
सोचा बस अच्छा मौका है सिखला दूँ बच्चू को पाठ।।
बोला चपरासी मल्लू से 'जरा आप हो जावें मौन।
आज परीक्षा मैं लेता हूँ इनमें असली बैगन कौन।।'

जो असली बैगन होगा वह देगा अपने मुँह को खोल।
हिला-डुला कर पेड़ों को झट बोल पड़ेगा 'हूँ-हूँ बोल'।।
सुन चपरासी की बातें, कर डाला कल्लू ने यह काम।
लल्लू ने मन ही मन सोचा गुड़ गोबर हो गया तमाम।।

चपरासी जोरों से बोला 'क्या हो तुम बोलो फौरन?
कल्लू भी चिल्लाकर बोला—'बाबू, मैं मोटा बैगन।।
'मैंने कहीं नहीं देखा है भालू-सा मोटा बैगन!'
सुन झट-पट बोला कल्लू भी 'बाबू जी मैं हूँ बीहन।।'

चपरासी ने हँस कर पूछा 'बैगन कहाँ तुम्हारा डाल?'
कल्लू उलट गया धीरे-से दिखला दी झट टाँग सम्हाल
लाठी हूल पेट में उसके बोला चपरासी हुशियार।
'बैगन, तुम हो बड़े सयाने' वह बोला 'जी हाँ सरकार!'

'ओ बीहन के मोटे बैगन, छोड़ो अब जंगल की घास।
चोखा कर खायेंगे मालिक चलो वहीं अब उनके पास।।'
यह कह कर चपरासी ने झट पकड़ लिया बैगन के पैर।
घिसिया कर चल पड़ा वहाँ से करता उस जंगल की सैर।।

कल्लू भी घिसता जाता था मन में धैर्य बाँध चुपचाप।
कल्लू देख दशा भाई की चिल्ला उठा 'बाप रे बाप?'

जंगल

जब हलचल से मैं ऊब-ऊब जाता हूँ
औ' अकथ थकन में डूब-डूब जाता हूँ।
तब नदी-तीर इस जंगल में आ जाता
कोमल दूबों पर सो कर जी बहलाता।।

झर-झर, झर-झर झरना, झरता रहता है
कानों में झिंगुर गाकर कुछ कहता है।
हँसते टहनी में फूल यहाँ भड़कीले
लुक-छिप पत्तों में उजले नीले पीले।।

झर-बेरी, बनबेली औ' जुही चमेली
खिल-खिल करती रहती हिलमिल रँगरेली।
तरु में लिपटी बेलें लेती झकझोरें
गुन-गुन गुन-गुन करते रहते हैं भौंरे।।

दूरों तक फैली हरी दूब इठलाती
औ' इधर नदी चुपके से भागी जाती।
तरु की फुनगी पर पंछी शोर मचाते
कौए, तोते, बगुले मिल मोद मनाते।।

फुलचुग्गी, फुद्दी औ' मुर्गाबी, तीतर
मैना, बटेर, वनमुर्गी के मीठे स्वर।
ये फुदुक-फुदुक डाली-डाली पर जाती
उड़ व्योम-लोक में मीठे गीत सुनाती।।

खरहे झाड़ी से निकल, भागते जाते
उस ओर हिरन के संग सियार दिखाते।
पेड़ों पर इधर गिलहरी धूम मचाती
चढ़ती, फिर उतर, कुतर कोई फल खाती।।

परियों जैसी तितली उड़ती बन-ठनकर
बहती पगली-सी हवा सुरभि से सन कर।
हिल-डुल हर-हर करते पीपल के पत्ते
हिलते रहते हैं मधुमक्खी के छत्ते।।

नन्हें-नन्हें पौधों का रसमय कंपन
भरता उदास प्राणों में नूतन जीवन।
कुल चरवाहे गायें औ' भैंस चराते
तरु की छाया में वंशी मधुर बजाते।।

ये पेड़, आम, अमरूद, नीम औ' पीपल
बड़गद औ' पाखर, बड़हर, सखुए, सेमल।
नीबू, खजूर औ' ताड़, करौंदे, कटहल
हिलडुल किसलय से रस टपकाते प्रतिपल।।

उर में नन्दन-सा बन भरता नव-चेतन
खिल उठता है मुरझाया-सा यह जीवन।
मैं जंगल में आनंद खूब पाता हूँ
जब कोलाहल से ऊब-ऊब जाता हूँ।।

झूला

सब गए बाग मैं भी जाता
मा, झूला आज लगाऊँगा
तू बाबूजी से मत कहना
मैं आज न पढ़ने जाऊँगा

तू नहीं कहेगी तो सब दिन
कर दूँगा तेरे काम सभी
तेरा कहना नित मानूँगा
लूँगा न जिद्द का नाम कभी

रजनी, मोहन, जगदीश, हरी
सब हो-हो कर तैयार चले
ले चला बाँस-रस्सी मतीन
हम काट रेलवे तार, चले

जा लगा आम की डाली में
बारी-बारी सब झूलेंगे
पल भर को मधुर हिंड़ोले में
मा, सुख-दुख सारा भूलेंगे

सब खुश होकर हँसते-हँसते
झूलेंगे गाएँगे गाने
फिर पेड़ों की छाया मेरी
मिल, खेल करेंगे मनमाने

मन खूब लगा करता है मा!
उन हरे-भरे बागीचे में
ऊपर करती 'कू-कू' कोयल
हम खेल खेलते नीचे में

ठंढी-ठंढी रहती छाया
शीतल-शीतल बहती बयार
मीठी-मीठी तानें रहतीं
वह हरी-भरी सुषमा अपार

तू कह देगी बाबूजी से
तो मुझे लगेगी मार बड़ी
फिर कह तो टूटेगी न पीठ पर
मा! सचमुच वह बुरी छड़ी

हमलोगों ने भी ठहराया
कोई भी जाएँ स्कूल नहीं
क्यों पीटेंगे मास्टर साहब
ऐसा भी होता रूल कहीं

सुन मा ओ मा! मैं जाता हूँ
फिर साँझ हुए घर आऊँगा
तू बाबूजी से मत कहना
मैं आज न पढ़ने जाऊँगा

निर्झर

मैं निर्झर कहलाता हूँ रे!
झरना ही है काम हमारा।
झर-झर कर रस नीरस में भी
भरना ही है काम हमारा।।

मैं कुरूप पाषण हृदय का
रूपवान शीतल सोता हूँ।
अपने लघु जीवन भर जग की
छिपी गंदगी नित धोता हूँ।।

'सोता' हूँ पर जीवन भर में
क्षणभर को भी कभी न सोता।
आजीवन मैं जागरूक हूँ
सो, सोकर मैं समय न खोता।।
जीवन के उस प्रथम-प्रहर से
ही मैं अपने पर चल देता।
मैं न किसी से कुछ लेता रे
अपनी नैया अपने खेता।।

जीवन की पहली ऊषा में
पायी मैंने लापरवाही।
आजादी का प्रथम पुजारी
चिर-दुर्गम-पथ का मैं राही

पहले ही पहले जीवन में
बाधाओं से मैं खेला।
जीवन भर हँसते ही रहना
सीखा मैंने पहली बेला।।

जगती को शीतल करने यह
चल पड़ती है मेरी धारा।
अपनी धुन में गाता चलता
मेरा एकाकीपन प्यारा।।

जब तक जीता चलता रहता
चलना ही है काम हमारा।
जब तक चलता हँसता रहता
हँसना ही है काम हमारा।।

सपने के-से दिन

एक रोज मास्टर साहब ने
मुझको छड़ी लगाई।
गलती थी मेरी फिर भी
यह बात न मुझे सुहाई।।

लाख रोकने पर भी आँखों
में भर आया पानी।
गला फाड़ कर मैं ने भी
झट आवाजें दे तानीं।।

निकल तुरत श्रेणी से
घर की ओर चल पड़ा रोता।
देखा घर के पास पेड़ पर
कौए का एक खोंता।।

भूल गया सब रोना-धोना
लगा फेकने डंडे।
सोच रहा था, कैसे पाऊँ
इस खोते के अंडे।।

टेढ़ा था वह ऊबर-खाबर
पेड़ और मोटा था।

मैं भी था लाचार ऊफ्
क्या करूँ बुरा छोटा था।।

थक कर तब तक आ पहुँची थी
फिर से मुझे रुलाई।
पास खेलती 'राधा' रोते
देख मुझे मुस्काई।।

बालू ढेर लगा कर राधा
घेर बनाती थी घर।
मैं चल पड़ा सिसकता-सा
उस घर में लात लगा कर।।

बिगड़ गया वह तुरत घरौंदा
वह बोली गुस्सा कर।
दुष्ट निगोड़ा चलता कैसे
लँगड़े-सा इठला कर।।

सुन मुझको गुस्सा हो आया
जमा दिया चट चाँटा।
उसने भी दाँतों से फौरन
मुझे बाँह में काटा।।

दाँत पीस कर मैंने भी तब
बाल खींच दे मारा।
गुस्से से तब तक उसका भी
गर्म हो गया पारा।।

रोक न पाई जब अपने को
लगी तभी वह रोने।

कहने लगा न जाने तब क्यों
मैं उसको चुप होने।।

मैं जितना कुरते से आँसू
पोंछ पोंछ चुप करता।
उतना ही उसकी आँखों से
आँसू तेज उमड़ता।।

आखिर मैंने पीठ उसे
अपनी यह कह दिखलाई।
लो, तुम भी मारो क्यों
करती इसके लिए लड़ाई।।

मारो, लो मारो तुम भी
बदले में जी भर मारो।
तब वह हँस कर बोल पड़ी
'ना'; दोनों खेलें आओ।।

आज कहाँ वे मीठे झगड़े
गये सभी मुझसे छिन।
बचपन के दिन आज
बन चले हैं सपने के-से दिन।।

घटा

बाल खोले हुए रोने की घटा आती है
जिगर के दाग को धोने को घटा आती है।
आज बरसेंगे जमीं पर रिमझिम के मोती
हार आँसू का पिरोने को घटा आती है।
इसे रोने को ही वरदान मिला था विधि से
आज काँटों पर भी सोने को घटा आती है।
नयन की बूँद में लगकर बनी आँसू-आँसू
आज यह रूप भी खोने को घटा आती है।
बनेगी आज मोतियों की नई-सी दुनिया
नए मोती यहाँ बोने को घटा आती है।
पवन सिसक के गया था वहाँ फरियाद लिए
कौन जाने कि क्या होने को घटा आती है।
गगन में, वन में, छन में, जग में यही शोर हुआ
बाल खोले हुए रोने को घटा आती है।[1]

---

1. यह पंक्ति एक उर्दू मुशायरा की समस्या थी। प्रस्तुत कविता उसी मुशायरा के लिए लिखी गई थी—रचयिता।

गीत

सुख-दुख में खुशी मनाता चल
मस्ताने! खुशी मनाता चल।
जग कहे तुझे पागल, तू अपने
शूलों पर मुस्काता चल।
बन लेने दे रोड़े जग को
तू मस्ती में इतराता चल।।

पथ विषम, सूर्य अस्ताचल पर
जाना है मंजिल तक चल कर।
बुझ गया तिमिर-तूफानों से
पथ का प्रदीप बलकर, जलकर।।
तू अपना पथ-निर्माण स्वयं
करता चल, बीन बजाता चल।

सर पर प्रलयी बादल छाये
पग-पग पर बिजली घहराये।।
आगे सागर गा गीत मौत के
चीख-चीख कर लहराये।।
तू डगमग नाव सम्हाले चल
रे! मल्हारें हँस गाता चल।

बहती है जीवन की धारा
सुख-दुख का कूल बना न्यारा।

मानव की इस दुनिया में है
रे! रुदन-हँसी की चिर-कारा।।
तू बंधन खोले बढ़ आगे
मत झुक, रुक कर शरमाता चल।

कर्तव्य-कुटिल-पथ चलो झूम
रे! मचे स्वर्ग में विपुल धूम।
डोले वासव का सिंहासन
ले नियति तुम्हारा चरण चूम।।
अमृत-सुत, विजय-मार्ग में तू
हँस-हँस कर प्राण लुटाता चल।

आओ गाएँ

आओ गाएँ, आओ गाएँ
आओ, हम सब हिल-मिल गाएँ।
अंतर के सोये भावों को
स्वर-तंत्री पर आज जगाएँ।।

फूटे अमर-किरण अंबर से
छूटे नव संस्कृति स्वर-शर से।
घृणा-द्वेष के कुत्सित बंधन
टूटे जन-जन के अंतर से।।
अखिल जगत के सारे मान-
उर में, दिव्य-प्रेम बरसाएँ

अपनी कुटिल कलुषता खोकर
निरुपमेय चिर-उज्ज्वल होकर।।
निखर उठे बन पूर्ण, मनुजता
अपने अंतर के मल-धोकर।
विकल जगत को आज मनुजता
का हम नव-संदेश सुनाएँ।।

फूकें जागृति-शंख चिरंतन
खोलें जटिल-रूढ़ि के बंधन।
चेतन क्या, जड़ में भी भर दें
हम प्राणों का मधुमय स्पंदन।।

नाच उठे जग स्वर की गति पर
हम वह अंतर—बीन बजाएँ।

गूँजे मंगल-वेणु-मृदुल रव
फैले अग-जग में स्वर अभिनव।।
बुद्धिवाद की कटु विडंबना
से हो आज प्रगति का उद्‌भव
रोड़े हों पथ-निर्देशक, हम
आओ ऐसी राह बनाएँ।।

आओ गाएँ, आओ गाएँ
आओ हम सब हिल-मिल गाएँ।
भूले-भटके जग को आओ
हम नव स्वर-संकेत दिखाएँ।।

प्रस्तावना

विचारशील पाठकों के समक्ष 'इंद्रधनुष' तथा उसके गायक को प्रस्तुत करते आज हमें अपार हर्ष हो रहा है। इंद्रधनुष और कविता में अत्यधिक घनिष्ठ संबंध है। इंद्रधनुष मानव-जीवन को उसके वाह्य-चक्षु द्वारा आनंद का सृजन कर उसके हृदय और आत्मा का आनंद-प्रेरक बनता है किंतु कविता उसके हृदय के अंतरतम कोने को गुदगुदा कर हर्ष और विषाद के स्रोत का सृजन करती है....किंतु, यह 'इंद्रधनुष' मानव के अंतश्चक्षु द्वारा अपने सतरंगे रंग उड़ेल मानव-जीवन के मानचित्र को विभिन्न रंगों में रंग डालता है।

व्योमपुत्र इंद्रधनुष का जीवन क्षणिक है और उसे अपने प्रकाश-पुंज एवं सतरंगे रंग को प्राप्त करने के हेतु भगवान भुवन-भास्कर की प्रतीक्षा करनी होती है। सूर्य की रश्मियाँ अपनी प्रसन्नता को मेघ के कृष्ण-पत्रों पर ही अंकित कर पाती हैं, किंतु यह कविपुत्र 'इंद्रधनुष' अपने विकास तथा स्थिति के हेतु कवि के हृदय की प्रेरणाओं एवं उसमें उठते हर्ष-विषाद, आशा-निराशा से बढ़ते हुए कवि-जीवन की कल्पनाओं को छूता, उसकी अनुभूतियों में विलीन हो जाता है। एक के हेतु वाह्य-जगत अत्यंत ही आवश्यक है किंतु दूसरा अंतर्जगत की दिव्य प्रेरणा है। दोनों ही मानव-जीवन को भावना के अज्ञात प्रांत में बहा ले जाते हैं। किंतु दोनों के दो रास्ते हैं।...मेघाच्छन्न आकाश में क्रीड़ा करता हुआ इंद्रधनुष मानव में उसके जीवन के कटु अनुभवों के अनुसार ही भावनाओं की सृष्टि करता है। एक निराश प्रेमी उसमें निराशा के अतिरिक्त और कुछ नहीं देख पाता, साथ ही एक सुखी जीवन को आशा और विश्वास के अतिरिक्त दुख की छाया भी कतई देखने को नहीं मिलती। कवि के 'इंद्रधनुष' के साथ ये बातें लागू नहीं हैं। यहाँ तो आप पाएँगे कि कवि एक कुशल मदारी की भाँति आपकी भावनाओं को अपने हृद्गत भावों के अनुकूल नचाता है। उसके सुख में सुख एवं आशाओं, निराशाओं, विश्वास आदि में हमें कवि का साथ देना पड़ता है।

प्रसन्नता तो इस बात की है कि इन हृद्गत भावों के समस्त परिवर्तन अत्यंत ही स्वाभाविक ढंग पर होते हैं। कवि अपने पाठकों का विश्वास नहीं खोता।

अत: कवि के 'इंद्रधनुष' से परिचय कराना अत्यंत आवश्यक प्रतीत होता है। आपको यह जानने की स्वाभाविक उत्कंठा होगी कि कविता के इस संग्रह में 'इंद्रधनुष' शीर्षक एक भी कविता नहीं, फिर यह 'इंद्रधनुष' कैसा? प्रकृति के प्रकाश-अंधकार एवं आशा-निराशा के बीच आंदोलित जीवन की बहुमुखी धाराएँ ही कवि के अनुसार उसके गायन के विषय हैं। और इसलिए उसने जीवन के अंतरंग एवं बहिरंग विभिन्न भावनाओं द्वारा ही अपने 'इंद्रधनुष' की रचना की है।

हर्ष-विषाद, आशा-निराशा, सुख-दुख, जीवन-मरण, रुदन-हास, प्रेम-घृणा तथा विरह-मिलन आदि पर कवि के भाव हृदय को छूते हुए उसके मस्तिष्क द्वारा उद्भूत होते हैं एवं कवि एक दार्शनिक के रूप में इन समस्याओं का समाधान आपके सम्मुख उपस्थित करता है।

'इंद्रधनुष' में झाँककर आप इन्हीं रंगों का नृत्य देखेंगे। कवि के इस संग्रह में यदि आप उसके जीवन की झाँकी खोजना चाहें, तो उसे भावनाओं के रंग में तल्लीन-तन्मय ही पाएँगे। और इस प्रकार आपका प्रयत्न यदि पार्थिव रहा तो वह असफल ही रहेगा। कारण कवि के 'इंद्रधनुष' की नायिका है कविता-कामिनी एवं मानव-जीवन; न कि कवि का स्थूल जीवन। यथा कवि 'कविता प्रेयसी से' वर माँगता हैं—

दिव्यगान कर सकूँ आज
जीवन का प्रेयसि, वह नव स्वर दे।

अत: इस सुकुमारी की भावनाओं की गति जिस दिशा में जा सकी कवि की कलम ने पागल की भाँति उसकी भावनाओं का चित्र खींचने के हेतु उन सभी प्रांतों को छान डाला है।

उक्त कथन की सत्यता के हेतु 'इंद्रधनुष' का ही आधार समुचित होगा।

हर्ष-विषाद—आज जरा आप हर्ष-विषाद की आँखमिचौनी देखें—

छलक आया ओस बन भू पर हृदय का प्यार
उमड़ आया प्राण में सहसा अपरिचित हर्ष
पंखुरी पर रसभरा कोमल किसी का हाथ
आँकता था चित्र, गुमसुम सिहर आए प्रान

में आप प्रकृति और मानव-जीवन के संगम की उठती लहरों द्वारा प्रभावित मानव-जीवन का एक कलात्मक चित्र पाते हैं। प्रकृति और मानव के घनिष्ठ संबंध

का सजीव चित्रण 'एक फूल की आत्मकथा' में प्राप्त होगा। जीवन और प्रकृति के संबंध में कवि आनंद की छाया देखता है। किंतु उसी कवि द्वारा प्रस्तुत विषाद की छाया आपको दुखी बना देगी।

युग बीता प्रिय रोते-रोते।
जगती के ऊसर आँगन में
विकल नयन के मोती बोते।

और अंत में हालात और भी नाजुक हो उठते हैं जब—

आज थक रहे गीत
व्यथा के असह भार को ढोते-ढोते।

के स्वरों में कवि चीख पड़ता है।

आशा-निराशा— *तुम कहो जग का विषम ही*
किंतु मैं समतूल भी हूँ
तुम समझ लो शूल ही
अपने लिए मैं फूल भी हूँ।

में कवि अपने सर्वान्त:करण से अपने को पहचान पाता है और इसलिए उसकी 'स्व' विषयक आशा विश्वास में परिणत हो जाती है, 'शूल ही' को कवि 'फूल भी' समझता है। आज के अत्याचारों से पीड़ित मानवता के हेतु वह अपनी विश्वासात्मक आशा से अपने 'कवि' को—

टूक-टूक माँ वसुंधरा है
फूट-फूट रोता नभमंडल
इस अजस्र करुणा धारा में
कूद, तुम्हें ही सूचिकार?
इस फटे हृदय को सावधान होकर सीना है।
कवि तुमको तो विष पीना है।

के स्वरों में आवाहन करता है। किंतु उसी कवि की निराश मुद्रा देख उसे आप पहचान तक न पाएँगे—

मेरा यह असफल जीवन ही
आज बना दुखांत कहानी
साक्षी हैं तारे, पूछो कब
सूख सका आँखों का पानी।
या

जलता रहा अबाध निरंतर
दीपक-सा मेरा यह जीवन
आकुल-उर को मिला आज तक
सुखी विश्व का व्यंग चिरंतन।

सुख-दुख—सुख-दुख को कवि ने एक ही चित्र के दोनों पृष्ठ (Two sides) के रूप में देखा है—

सुंदर कुसुमों के उपवन के
ये काँटे ही रखवाले हैं।
सुख-दुख की मिश्रित मदिरा से
भरते जीवन के प्याले हैं।
या
दुख में सुख की प्यास, और
सुख में दुख का उपहास छिपा है।
सृष्टि प्रलय है 'अथ' में ही तो
'इति' का कटु इतिहास छिपा है।

जीवन-मरण—जीवन की सार्थकता पर कवि का अटल विश्वास है। यथा—

जीवन-दीपक के जलने से जग में प्रकाश खिलता उठकर
जिस जीवन में जितनी ज्वाला, उतना प्रकाश उतना सुंदर

किंतु सार्थक जीवन के कठिन संघर्ष भी कवि की आँखों से ओझल नहीं हो पाए हैं—

जीवन का वरदान 'वेदना'
औ अभाव की ज्वाला
जिसमें जीवन की स्थिरता है
ज्यों धागे में माला।
तथा
दीपक का जलना ही जीवन, निर्झर का चलना ही जीवन
सुख-दुख की व्याकुल घड़ियों में मानव का पलना ही जीवन

आदि पंक्तियाँ कवि के 'जीवन' संबंधी भावनाओं को स्पष्टत: इंगित करती हैं।

रुदन-हास—मानव न हँसता है, न रोता है। परिस्थितियाँ ही उसे हँसाती या रुलाती हैं। इस प्रकार रुदन और हास की परिस्थितियाँ ही विधात्री हैं। और इसलिए

जहाँ कवि रोने में अपार सुख-संतुष्टि का अनुभव कर गा उठता है कि—

मुझको सुख मिलता रोने में
हल्का कुछ कर लेने जी को
नयन बरस पड़ते कोने में।

वहाँ कठिन संघर्षों के बीच पड़कर भी वह छाती ठोक कर परिस्थितियों को ललकार उठता है—

मैं कब रोया?
सुख कब पड़ा हमारे बाँटे
पग-पग में चुभते थे काँटे
पर न चला मैं उसे हटाकर
हँसा मचल हर ठोकर खाकर
जग के इस ऊसर आँगन में
कब आँसू का मोती बोया?

प्रेम-घृणा—कवि अपने प्रेम को वासना के शिकंजे से पृथक् रखकर विशुद्ध प्रेम के रूप में ही देखता है—

पागल, मोह रूप का होता
जिसमें पलभर को दिल रोता
यह तो पावन प्रेम कि जिसमें
विरह-मिलन का अमृत सोता।

और इस प्रकार उसकी धारणा है कि वासना जन्य प्रेम, प्रेम नहीं मोह है एवं उसका जीवन क्षणिक है। इस प्रकार का सच्चा प्रेम गणित शास्त्र के सभी नियमों का प्रत्याख्यान करता हुआ—

एक एक 'दो' झूठ हुआ रे
एक एक मिल 'एक' आज है
यही निराला गणित प्रेम का
मिला कि जिस पर मुझे नाज है।

की नूतन परिभाषा हमारे सम्मुख उपस्थित करता है। साथ ही कवि की भावना घृणा के विकृत रूप को भी अपने दर्पण से अंत:करण में अंकित करने में अत्यंत सफल रही है। सुंदर 'गुलाब' पर सर्वस्व न्यौछावर करने वाले प्रेमीजन उसकी परिवर्तित अवस्था में किस प्रकार त्याग बैठते हैं कि कवि घृणात्मक स्वर से बरबस कह उठता है—

आज धूल में वही लोटता
यही नियति की मूक कहानी
पागल, किसका कौन यहाँ?

विरह-मिलन—यों तो विरह-मिलन प्रत्येक मानव के लिए उतना ही सच है जितना जीवन और मरण, किंतु विरह-मिलन के प्रति आज तक मानव अपना विचार दृढ़ नहीं कर पाया है। कुछ लोग विरह को मिलन से भी अधिक आवश्यक समझते हैं, कारण विरह में ही मिलन का सच्चा आनंद प्राप्त होता है।...किंतु एक निराश प्रेमी जब विरह-व्यथा से ऊब जाता है तो मिलन के हेतु अकुला उठता है। कवि विरह में मिलन की छाया देखता है—

स्वप्न में मैंने तुम्हारे रूप का आकार पाया
आज अपने को मिटाकर सजनि, तेरा प्यार पाया।

इस प्रकार कवि कभी विरह में ही संतुष्ट दीख पड़ता है तो कभी मिलन के लिए अकुला कर अपने 'तुम' से—(अपने प्रिय से) मिलने को ललक उठता है—

गंध पवन से, मधुप कुसुम से
मिलते अंतराय खो सारे
किंतु न मैं 'तुम' से मिल पाता
ज्यों न नदी के मिलें किनारे।

और इस प्रकार अंत में कवि की भावना मिलन के लिए व्याकुल-विह्वल होते हुए भी विरह के धरातल से दूर नहीं हो पाती। आखिर है भी तो यही बात। विरह से पृथक् रहकर कोई आत्मा 'कलाकार' कैसे बन सकती?

इसके अतिरिक्त कवि की कुछ मर्मस्पर्शी पंक्तियाँ, जो बड़ी सुंदर बन पड़ी हैं—कला की गहराई तक पहुँचकर कवि की उच्चता का संकेत कर रही हैं।

अपने को मिटाकर प्यार पाने की कला को समझने वाला कवि जब अपनी 'दाह' और 'चाह' के परीक्षण का निमंत्रण देता है कि—

हृदय पर रख हाथ देखो उठ रही है दाह कैसी।
पुतलियों की सेज पर इठला रही है चाह कैसी?

तो पुतलियों की सेज पर इठलाने वाली चाह सचमुच सरस-हृदय में एक 'चाह' उत्पन्न कर देती है और वह चाह जब 'तृषित उर का स्वप्न असफल' बनकर रह जाती है तो कवि उसकी परिभाषा इस प्रकार करने को बाध्य हो उठता है—याद जिसकी शेष है, उस प्यास की तसवीर हो तुम।

कितनी अच्छी परिभाषा है यह?

इसी प्रकार मानव की परिभाषा करते हुए—कवि की धारणा स्पष्ट हो उठती है कि मानव जब 'इस कठोर मिट्टी का प्रेमी' होकर कहता है—

सागर का खारा पानी यह
गिरि का कंकड़-पत्थर
जग के कण-कण प्रिय हैं सारे
सुंदर और असुंदर।

तभी हम उसे सच्चे मानी में मानव कह सकते हैं। और इस तरह सभी सुंदर-असुंदर पदार्थों को प्रिय समझने वाला कवि 'आज की दुनिया' में जब देखता है कि—

मानव आज दनुज से बढ़कर
मचा रहा प्रलयंकर लीला।

तो दानव बने हुए मानव को धिक्कारते हुए कहता है—

छिः मानव, मानव बन जाओ।
(काश, मानव सचमुच मानव बन सकता!)

किंतु आगे बढ़कर जब वह देखता है कि—

आज लाखों दीन-दुखियों के
हृदय की व्यस्त-पीड़ा
कर रही आकाश मंडल में
प्रलय की कुलिश-क्रीड़ा।

तो घबराकर वह अपनी जीवनसंगिनी कविता-प्रेयसी का आह्वान करता हुआ एक नया संसार बसाना चाहता है जिसमें पलायनवादी मनोवृत्ति नहीं प्रत्युत निर्माणात्मिका प्रवृत्ति ही काम करती है। कवि कहता है—

आओ जीवनसंगिनि, हिलमिल
एक नया संसार बसाएँ।

और उस संसार के निर्माण करने के निमित्त वह अपनी प्रेयसी से अनुरोध करता है—

तू अपने पायल की झंकृति से
जग को चिर-मोहित कर दे।
मैं दूँ फूँक मुरलिका अपनी
तू अलमस्त मधुर-सुर भर दे।

इतना ही नहीं, वह तो इतनी दूर उठना चाहता है कि—

पिएँ सुधा, वसुधा के मानव
छीन स्वर्ग से हम ले आएँ।

क्योंकि कवि यह अच्छी तरह जानता है कि आज के युग की इन सारी जटिल समस्याओं का समाधान 'साहित्य' है—'काव्य' है। और' इसलिए जब वह अनुभव करता है कि—

भिन्न-भिन्न हैं वाद चल पड़े।

जन तबाह है, युग तबाह है, यह सारी दुनिया तबाह है—

और इस प्रकार विभिन्न गुटबंदियों के चलते विश्व में संघर्ष का वात्याचक्र घूम रहा है कि—

जिससे रोता भारत
रोती दुनिया
रोता युग।

तो वह अपने 'कवि' का आश्रय लेता है। वह अच्छी तरह यह समझता है कि इन सबों का समाधान कवि ही कर सकता है। अत: वह अपने 'कवि' से विह्वल होकर अनुरोध करने लगता है—

यह शांत करो
कुछ तान भरो
ओ गायक तेरे ही कर में तो
मधुर रागिणी की बीना है।

सचमुच कवि ही युगद्रष्टा तथा युगस्रष्टा होकर हमें शांति दे सकता है—इन सारी समस्याओं का हल कर सकता है। कवि का 'मधुर-रागिणी' वाला विचार कितना महान और कितना सुलझा हुआ है?

अधिक न लिखकर मैं इतना ही कह देना अलम् समझता हूँ कि इस प्रकार की अनेक ऐसी पंक्तियाँ हैं जो काव्य-कला की अभिव्यंजना, सूक्ष्मता, गांभीर्य तथा उत्कर्ष की अनुभूति को हमारे समक्ष रखकर कवि की कला साधना को 'द्युति-रेखा' की तरह ज्वलंत आलोक में निखार कर, हृदय को रस के सागर में अवगाहन तथा निमज्जन का सुखद निमंत्रण देती हैं।

इस प्रकार विभिन्न भावनाओं के प्रांतों से बहुरंगे रंग एकत्र कर कवि ने अपने 'सुंदर इंद्रधनुष सतरंगा' का शृंगार किया है। यह 'इंद्रधनष' जीवन रूपी क्षितिज में उदित होकर हमारी भावनाओं के तार को छेड़कर आँखमिचौनी करता है—खेलता और खेलाता है।...और अंतत: उसी में विलीन हो जाता है। इस 'इंद्रधनुष'

की सृष्टि में कवि ने पाठकों की भावनाओं को किसी भी प्रकार छला नहीं है। वह जीवन की गंभीर समस्याओं को अपने व्यक्तित्व के पाँवों तले रौंदना कदापि पसंद नहीं करता। सच तो यह है कि जीवन तथा परिस्थितियों ने कवि के व्यक्तित्व के साथ वह धाँधली मचा रखी है कि कवि का व्यक्तित्व उनके द्वारा आच्छादित हो जाता है। अभी कवि और उसकी कविता का 'स्थिर विकासवादी' संघर्ष विजय प्राप्त कर मानव को कुछ नूतन स्वप्न प्रदान कर सकेगा या विजयी जीवन और परिस्थितियाँ कवि की भावनाओं को रौंदकर धूल में मिला देंगी एवं अट्टहास करेंगी, जिसे सुन कवि एक विक्षिप्त मानव की भाँति स्वत: में खो जाएगा। भविष्य के मन की बातें कौन जानता है?

हाँ इतना अवश्य है कि कवि की साधना एक सच्चे साधक की साधना है जिसमें 'सिद्धि' की झलक सन्निहित रहती है। और अंत में कवि के स्वर में ही मैं इतना कह देना चाहता हूँ कि—

कवि का मन वह विशद-गगन है।

कोशी दर्पण
गंगा दशहरा
सं. 2007

नृसिंह प्रसाद तिवारी
एम.ए.
संपादक—'कोशी दर्पण'

दो शब्द

भाई श्री रामकृष्ण जी की प्रथम कृति 'इंद्रधनुष' के अवलोकन के बाद मेरे मानस में भावनाओं की खिचड़ी-सी बन गई। बचपन की चपलता, यौवन की उमंगें, निराशा के बादल और धीरों की कामना, सब ने एकबारगी ही भाव-लहरी को उद्वेलित कर दिया। तब मैंने समझा, आखिर यह पुस्तिका भी तो बहुरंगों की एक समष्टि ही है। नाम जो ठहरा 'इंद्रधनुष।'

इंद्रधनुष को देखकर Wordsworth को उसका बचपन याद आ जाता था किंतु इस 'इंद्रधनुष' को देखकर तो मुझे बिहारी लाल की वह पंक्तियाँ याद हो आईं—छुटी न शिशुता की झलक, झलक्यो यौवन अंग। और वह इसलिए कि इस कविता-कामिनी के बाल सुलभ चुलबुलेपन पर यौवन की छाया जो खेल रही है। कवि की लेखनी मचल कर कहती है—

आओ जीवन-संगिनि हिलमिल
एक नया संसार बसाएँ।

कविताकामिनी के 'नयन सलोने अधर मधु' को लेकर कवि की लेखनी ने जो अजीब नमकीन मिठाई प्रस्तुत की है, वह भावुक मन को भा सकेगी—आशा है। कवि का प्रथम प्रयास प्रोत्साहन चाहता है और उसी के जरिए कवि की भावुकता 'तरुणी-तन' छोड़ 'दलित-त्राण' पर पहुँचेगी।

अक्षय तृतीया,
संवत् 2007

श्री बलराम सिंह
बी.ए.डिप.इन. एड

प्रकाशक की ओर से

इंद्रधनुष के सरस गायक श्री किसुन जी की ये कविताएँ *सरस्वती, विश्वमित्र, नवशक्ति, प्रभाकर, आर्यावर्त* आदि भारत की सुप्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में समय-समय पर प्रकाशित होती रही है। इन कविताओं का संग्रह साहित्यसेवा की जिस भावना से की गई है, वह श्लाघ्य है। पुस्तक के विषय में इसकी अनतिविस्तृत प्रस्तावना ही पर्याप्त है। कोई भी सहृदय इस नवोदित कवि की प्रतिभा तथा कला साधना के गौरव एवं इस प्रथम प्रयास की प्रशंसा किए बिना नहीं रह सकता।

यद्यपि इस पुस्तक को सुसज्जित रूप में निकालने का विचार था, किंतु प्रेस के नवीन तथा अनुभवहीन रहने एवं अन्य अनेक अनभीष्ट कारणों से ऐसा न हो सका। इस हेतु पाठकों से अगले संस्करण तक के लिए क्षमा-प्रार्थना की जाती है।

हम कलामंदिर की ओर से 'हमारा देश' के भूतपूर्व तथा 'कोशीदर्पण' के वर्तमान संपादक श्री नृसिंह प्रसाद तिवारी जी एम.ए. के अत्यंत आभारी हैं, जिन्होंने इंद्रधनुष की प्रस्तावना लिखकर पुस्तक में चार चाँद लगा दिए हैं एवं इस प्रकार हमें अनुगृहीत करने की कृपा की है। इसके अतिरिक्त श्री बलराम सिंह जी बी.ए. डिप. इन. एड. के भी हम अत्यंत कृतज्ञ हैं।

नवीन होते हुए भी कोशी-प्रेस तथा उसके वर्तमान प्रबंधक श्री योगेंद्र प्रसाद जी को उनकी उदारता तथ सहायता के लिए हम शतश: हार्दिक धन्यवाद देते हैं। साथ ही कवि के प्रिय छात्र श्री सत्यनारायण प्रसाद गुप्त तथा अन्य मित्रों के सहयोग-साहाय्य के हेतु हम सदा ऋणी हैं।

कर्क संक्रांति
संवत् 2007

श्री राकेश
नागेश्वर कला मंदिर, सुपौल
भागलपुर

मैं नहीं जानता छंद, वर्ण,
मात्रा, गण, कविता, अलंकार
जब भाव हृदय के उमड़ उठे
गुन-गुन कर लेता एक बार

वर याचना

वाणि! वर दे।
हृदय-वीणा में मधुर कुछ तान भर दे।
गीत-निर्झर हो हृदय से आज नि:सृत
किंतु; काँटों-पत्थलों से हो न आवृत्त
बह चले स्वच्छंद चिर-निर्बंध
तोड़ छंदों के पुराने बंध
विश्व को स्वर में डुबो दे आज
चेतनों की बात क्या जड़ भी सजा लें साज
तोड़ फेके वह पुरातन-ताज
देवि, मानव के हृदय में प्रेम का हो राज
सुप्त मानवता जगे वह तीव्र स्वर दे।
वाणि! वर दे।

तड़ित्-गति से विश्व में वह ज्योति जागे
मनुज के उर का घृणित-संस्कार भागे
मर्त्य से ले स्वर्ग तक हो गान गुंजित
दिग् विदिक् हो अमर मानव-राग रंजित
शिथिल उर में उमड़ आए भाव नूतन
फूँक दें हम शंख जागृति का चिरंतन
प्रगतिमय संस्कृति-स्वरों से फूट जीवन
शून्य जड़ में रच उठे साकार चेतन
देवि, पावन-शक्ति उर में आज भर दे।
वाणि! वर दे।

कविता प्रेयसी से

पथ मेरा आलोकित कर दे।
दिव्य गान कर सकूँ आज
जीवन का, प्रेयसि वह नव-स्वर दे।

भावुक-मन इस रीते यौवन
की केवल तू ही हो संबल
तेरे सरल करों से लालित
कवि का उर होता चिर उज्ज्वल
कवि की ओ एकांत प्रिये
निज मधुर-हास से चिर तम हर ले
मधुर प्यार तेरा ही पाकर
मरने तक प्रेयसि जी लूँगा
दीवानों की रानी, हँस कर
ये कड़वी घूँटें पी लूँगा
किंतु, प्रिये तुम मेरे असफल—
—जीवन मरु में मधु-निर्झर दे।
एक मात्र तू दीवानों के
सूने उर में यौवन भरती
एकमात्र तू जीवन-मरु में
भावों के अमृत-कण भरती
फूकूँ मैं निज सरल मुरलिका
तू अलमस्त मधुर स्वर भर दे।
पथ मेरा आलोकित कर दे।

मानव

मैं मानव ही मानव
इस कठोर मिट्टी का प्रेमी
इस सागर का कलरव
मैं मानव ही मानव
सागर का खारा पानी यह
गिरि का कंकड़-पत्थर
जग के कण-कण प्रिय हैं सारे
सुंदर और असुंदर
अलका के उस निर्विराम—
—सुख का न कभी मैं भूखा
जिसमें दुख का स्रोत
रहा करता सूखा ही सूखा
दुख से वंचित जीवन
सुख की शीतलता क्या जाने
जीवन का अमरत्व शाप है
व्यर्थ विहग के गाने
जीवन का वरदान 'वेदना'
औ' अभाव की ज्वाला
जिसमें जीवन की स्थिरता है
ज्यों धागे में माला
जलकर स्वर्ण पिघल, बनता है
सुंदर; प्रिय औ अभिनव
जीवन की अभिलाषों का है
इस अभाव से उद्भव!

तेरा प्यार

आज अपने को मिटाकर सजनि, तेरा प्यार पाया
अनगिने काँटे चुभाए
कुसुम का सहवास पाने
गरल का चुंबन किया
हँसकर सुधा की प्यास लाने
और-लहरों से चिरंतन-शांति का उपहार पाया
आज अपने को मिटाकर सजनि, तेरा प्यार पाया
साधना की आँच ने
लहरा दिया है आज अंतर
पूर्णता ने दे दिया है
शून्य को वरदान सुंदर!
स्वप्न में मैंने तुम्हारे रूप का आकार पाया
आज अपने को मिटाकर सजनि, तेरा प्यार पाया!
हृदय पर रख हाथ देखो
उठ रही है दाह कैसी
पुतलियों की सेज पर
इठला रही है 'चाह' कैसी...!
सजग-पलकों में अचानक स्वप्न का संसार पाया
आज अपने को मिटाकर सजनि, तेरा प्यार पाया

गीत

तुम समझ लो शूल ही
अपने लिए मैं फूल भी हूँ
विश्व हो प्रतिकूल मेरा
किंतु मैं अनुकूल भी हूँ

हँस रहे तुम, हँस रहा जग
हँस रही है रात...हँस ले
जी करे उद्‌गार दे या जी करे
तो व्यंग्य कस ले

मैं न तेरी रोक बनता
मैं नहीं करता मनाही
लाख रोड़ें हों, चलूँगा
मैं वही हूँ मस्त राही

तुम कहो जग का विषम ही
किंतु मैं समतूल भी हूँ
तुम समझ लो शूल ही
अपने लिए मैं फूल भी हूँ।

विकल उर की पीर हो तुम

विकल उर की पीर हो तुम।
हृदय जो उस रूप-सौरभ पर
मधुप-सा मुग्ध हो द्रुत
गा उठा सुधिहीन विह्वल
प्रणय की मृदु-रागिणी प्लुत
दीप्त यौवन भूल जग के द्वंद्व
विहँसा मधु लुटा कर
किंतु हँस कर नियति ने
रोकी तरी मेरी पुलिन पर
लौटकर पा, अंधतम,
निकले नयन के नीर हो तुम।
तारकों के दीप वाले!
प्रणय की प्रिय रात आई
मुग्ध, मादकता मधुर
लघु प्राण में सहसा समाई
रूप की वह चिर अपरिचित मूर्त्ति
आई पास विह्वल
मैं बढ़ा पर हाय, वह था
तृषित उर का स्वप्न असफल।
याद जिसकी शेष है
उस प्यास की तसवीर हो तुम
विकल उर की पीर हो तुम

जीवन : एक परिभाषा

जीवन, यह कितना सुंदर है, जीवन, यह कितना प्यारा है?
जीवन बहती धारा, जिसका सुख-दुख यह कूल किनारा है।
सुख नव गुलाब का मंजु सुमन और सुरभि सुमन का यौवन है
दुख के काँटों में ही पलकर पाता गुलाब मधु-जीवन है।

सुंदर कुसुमों के उपवन के ये काँटे ही रखवाले हैं
सुख-दुख को मिश्रित मदिरा से भरते जीवन के प्याले हैं।
जीवन-दीपक के जलने से जग में प्रकाश खिलता उठकर
जिस जीवन में जितनी ज्वाला, उतना प्रकाश, उतना सुंदर।
जीवन क्या है? हँसते रहना, जीवन क्या है? खिलते रहना
जीवन सुख-दुख की आँधी में अस्तित्व लिये हिलते रहना।
आए दुख, झुककर अगवानी, जाए सुख, विदा करो हँसकर
होठों पर खिले गुलाब, हृदय में उमड़े आँसू का सागर।

दीपक का जलना ही जीवन, निर्झर का चलना ही जीवन
सुख-दुख की व्याकुल घड़ियों में मानव का पलना ही जीवन

युग बीता प्रिय रोते-रोते

युग बीता प्रिय रोते-रोते
जगती के ऊसर-आँगन में
विकल नयन के मोती बोते

किंतु कभी क्या पल भर को भी
दे पाए बोलो आश्वासन
नभ में हुए विलीन, उपेक्षित
वन्य-कुसुम से मेरे गायन

प्यार लिए अरमान तड़पते
रहे सदा नादान ह्रदय के
ओ मेरे पाषाण, हुए हैं
'अथ' में चिर-अधिकार प्रलय के

इस निस्सीम-प्रतीक्षा में
आया तिल-तिल अपनापन खोते
युग बीता प्रिय रोते-रोते

जिस पर मुझको नाज कभी था
वह अतीत की मादक घड़ियाँ
आज बनी उपहास, पिरोता
मैं चुपचाप अश्रु की लड़ियाँ

तुमने दिए बहाने, पर दिल
नहीं हाय, मैं बहला पाया
तेरी नीरव-मुस्कानों से
व्रण न ह्रदय का सहला पाया

इस रीते जीवन के क्षण, कटु
आज हो गए मधुमय होते
युग बीता प्रिय रोते-रोते

मेरा यह असफल जीवन ही
आज बना दुखांत कहानी
साक्षी हैं तारे, पूछो कब
सूख सका नयनों का पानी!

जलता रहा अबाध निरंतर
दीपक सा मेरा यह जीवन
आकुल-उर को मिला आज तक
सुखी विश्व का व्यंग्य चिरंतन!

आज थक रहे गीत व्यथा के—
असह भार को ढोते-ढोते
युग बीता प्रिय रोते-रोते।

मुझ से दूर

आज मुझ से दूर, प्रिय तुम
आज मुझ से दूर
हो चुकी है रिक्त प्याली
खो चुका जगमग दिवाली
आज जीवन शून्य; छाई
प्रिय अमा की रात काली
तिमिर-दुर्गम-पथ, चलूँ
कैसे कहो; मजबूर!
प्रिय तुम आज मुझ से दूर
आज विह्वल प्राण मेरे
धूल में अरमान मेरे
प्रिय तुम्हारे चरण छूने
आज बिखरे गान मेरे—
—विकल-से, पथ पर हृदय की
ज्वाल ले भर पूर
प्रिय तुम आज मुझ से दूर
खोजता था नीर किंचित्
चिर-पिपासित दग्ध अंतर
और मेरे सामने थी
सैकड़ों मधुपूर्ण गागर
किंतु मेरे ओठ लगते ही
हुईं सब चूर...
प्रिय तुम आज मुझ से दूर

थी कभी रसपूर्ण राका
थे कभी रंगीन सपने
मधुर था जीवन, पराए
भी बने थे मित्र अपने
आज वे ही स्वप्न मुझको
प्रिय रहे हैं घूर
प्रिय तुम आज मुझ से दूर
बुझ चुका है दीप उज्ज्वल
हो रहा हूँ शून्य प्रतिपल
अगम-तम में डूबते—
उतरा रहे हैं, प्राण निर्बल
छिन गया है आज सहसा
आँख का भी नूर...
प्रिय तुम आज मुझ से दूर
मैं चला था प्यार देने
प्रिय तुझे उपहार देने—
—हृदय का छिपकर सुनहला
मधुभरा संसार लेने
किंतु सब निष्फल हुआ
तुम ही गए जब दूर...
प्रिय तुम आज कितनी दूर!

देव, लौटा लो यह उपहार

सृष्टि के आदि पर्व का रोर
उभड़ आया जब बंधन खोल
कर्म की फूट पड़ी नव-ज्योति
सत्य का उस दिन करने मोल

शून्य में फैली एक तरंग
जगी कोई अनजानी प्यास
दृष्टि में आया एक अभाव
हुआ 'इच्छा' को नव उल्लास

विश्व में गूँज उठा सब ओर
प्रकृति की सुंदरता का गान
सिहरने लगे पुरुष के प्राण
कौन यह आकर्षण अनजान?

प्रकृति की आँखों के उन्माद
भरे फैले नीरव-संदेश
पुरुष दौड़ा आया सब छोड़
भूलकर अपना सारा क्लेश

लिये उर में मीठा-सा दर्द
दृगों में लेकर विह्वल प्यार
रौंद कर उस दिन सब व्यवधान
हुआ आकारहीन साकार

जगे मेरे भी नव अरमान
अपरिचित-सा कोई उन्माद
माँगने मैं भी आया देव
लिए अधरों पर करुण विषाद

हृदय में नाच उठी हे देव
अचानक यह मतवाली चाह
कि मेरी भी हो सत्ता एक
कि मेरा भी हो एक प्रवाह

रचा तब तूने मेरा रूप
दिया हँसकर मुझको वरदान
भिन्नता के भर अनुपम रंग

कर्म का मंत्र कान में फूँक
दिए भर आकर्षण के भाव
दिखाया मेरे-अपने बीच

दिए सुख-दुख के अनुभव, ज्ञान   रहस्यों से भरपूर दुराव
पुलक चल पड़ा कर्म की ओर
लिए अपना सारा अधिकार
पा लिया मैंने तुमसे देव
मधुर अपनेपन का उपहार
मधुर अपनेपन का उपहार   प्रकृति ने कर अनुपम शृंगार
भिन्नता का प्यारा उन्माद   छोड़कर सुंदरता का राग
मोहिनी माया का पा प्यार   लिया सारी जगती को मोह
न रह पाई अपनी भी याद   वासनाओं की फूँकी आग
पुरुष बेवश दौड़ा बेहोश
सहेजे उर में कोमल प्यार
रूप के नयनों ने शर छोड़
अजित को किया विजित, लाचार!
कामनाओं की लिए तरंग—   कि बंधन में देखा आनंद
हृदय में दौड़ा सुधबुध भूल   कर्म का दुर्गम पारावार
चढ़ाने माया के सुकुमार—   उठा करते जिसमें हे देव
चरण पर अपना जीवन—फूल...   सदा सुख-दुख के अगणित ज्वार
ज्वार में आकर्षण भरपूर
प्रकृति का मोहक हँसता रूप
कूद सागर में, हुआ निहाल
लिए अपनापन देव अनूप
हँस रही थी माया उस ओर   चौंक कर देखा अपनी ओर
कहा लहरों ने तब ललकार   चूर हो गए सभी अभिमान
'भवर यह दुर्गम औ अनजान   हाय कैसा महँगा उपहार
न जा सकते पागल उस पार'   न अपनी भी होती पहचान
न जाऊँगा मैं सागर बीच
चाहिए मुझे न यह उपहार
विश्व के मधु बंधन का लोभ
मधुर अपनेपन का अधिकार
भिन्न सत्ता यह कितनी मूढ़   देव, लौटा लो यह उपहार
हाय, कितना निर्दय व्यापार   विकल हो प्राण उठा यह चीख
न हो अपनेपन का अधिकार   न दोगे क्या फिर से हे देव

देव लौटा लो यह उपहार तड़पते उर की माँगी भीख?

हुए हैं हम-तुम दोनों भिन्न
हुआ अब सहसा ऐसा ज्ञान
कि तुमसे मिलकर होने एक
चल पड़े मेरे व्याकुल प्रान

बढ़ा मैं जितना तेरी ओर
हो गए तुम उतनी ही दूर
काँप कर मेरे सब विश्वास
टूट कर हुए शून्य में चूर

हटे कैसे अब यह व्यवधान
न रह पाऊँ मैं तुम से भिन्न
मिटा दो मेरा यह अस्तित्व
देव, कर दो सब बंधन छिन्न

लीन हों तेरेपन में देव
कि 'मेरेपन' के सब अधिकार
न रह पाए 'मैं-तू' का भाव
देव, लौटा लो यह उपहार

नादानी

पागल यह कैसी नादानी ?
घबरा मत हँस-हँस कर कर ले झुक कर दुख की भी अगवानी
अरे रात की कठिन तपस्या ही
सोने-सा दिन लाती है
पतझड़ की आहें बसंत की
मुस्कानों को बिखराती हैं
रुदन-हास ही तो दुनिया है, दुनिया से क्यों कर हैरानी ?
सुख आया हँसता ही आया
हँस-हँस कर जीवन बहलाया
हँसना रुका दुख हो आया
सुख ही बदला दुख कहलाया
वह भी देखा, यह भी देखो, यह तो दो दिन की मेहमानी
दुख में सुख की प्यास और
सुख में दुख का उपहास छिपा है
सृष्टि प्रलय है 'अथ' में ही तो
'इति' का कटु इतिहास छिपा है
जीवन ही हँसकर करता है महाकाल की रे अगवानी
यहाँ फूल के काँटे साथी
ऊषा में संध्या दिखलाती
हँस-हँस कर आता वसंत है
चीख-चीख वर्षा रो जाती
सुख-दुख दोनों एक, विश्व के नग्न-सत्य को यही कहानी

नया संसार

आओ जीवन संगिनि, हिलमिल
एक नया संसार बसाएँ
नियति-चक्र के ऊपर आकर
आज अमर-त्यौहार मनाएँ
पारिजात के कुसुम यहाँ के
तृण-तृण में विकसित हो झूलें
अपने में रम कर प्रेयसि री'
अपने को ही अपने भूलें
तू अपने पायल की झंकृति
से जग को चिर मोहित कर दे
मैं दूँ फूँक मुरलिका अपनी
तू अलमस्त मधुर सुर भर दे
पिएँ सुधा वसुधा के मानव
छीन स्वर्ग से हम ले आएँ
अपनी दुनिया के अंतर में
अमर-शांति की ज्योति जगाएँ
कर्मबीन के बोल अनूठे
कोयल इस नव-जग में बोले
विरह-मिलन की इस कारा से
सजनि मुक्त हम दोनों हो लें
हँसकर नव-संगीत-कुसुम की
गूँथ बनाएँ जीवन-माला
हँसकर ओठों से ढरका लें
सहचरि, सुख का मधुमय प्याला

खोल विश्व का मोहक बंधन
अभिनव-जीवन-कला सिखाएँ
हम अपने निर्द्वंद्व जगत् को
शाश्वत सत्य रूप में लाएँ

सत्यं-शिवं-सुन्दरम्

सत्य सृष्टि का प्रथम सात्य है
मानवता का पूर्ण विकास
अमर-रेख है चिर-सत्ता की
चरम बिंदु का स्वच्छ प्रकाश

नग्न-सत्य तीखा होता है
कटु-कटु-सा तीता-तीता
किंतु सत्य के बिना रहेगा
सुंदरता का घट रीता

सुंदर भी वह ही सुंदर है
जो हो सत्यभरा तन्मय
सुंदरता से भरा सत्य ही
होता है जग में शिवमय।

सुंदरता वरदान विश्व का
मरु का प्रिय अमृत-वर्षण
कर्म-क्लांत साधना जहाँ पर
पा लेती है सुख दो क्षण

सुंदरता नयनाभिराम है
सुख की प्रिय धारा निर्मल
शांति-स्रोत में जग कर लेता
अपने तन-मन को शीतल

'सत्य', सूर्य की तीव्र किरण है
'सुंदरता' है स्वच्छ प्रकाश
'शिव' है रश्मिपुंज का
आविर्भाव, उदय, संसृति औ ह्रास

सत्य मृत्यु है, शिव उद्‌भव है
सुंदरता है विरह-मिलन
सत्यं-शिवं-सुन्दरं से ही—
होता है संहार-सृजन

परिचय

एक

मैं गिरि का चंचल निर्झर हूँ
किसी एक अज्ञात इशारे पर
चल पड़ने वाला स्वर हूँ
ऊपर से गिरता हूँ भू पर
लिए एक अभिनव-चेतन-गति
पथरीले-पथ दुर्गम-कानन
कुश-काँटों में मेरी संसृति
काट कठिन पाषाण, विपिन को
निर्विराम गति से बहता हूँ
किंतु कहाँ तक; ज्ञात न मुझको
टेढ़े-सीधे बह, कहता हूँ
सुनो विश्व, मैं प्रश्न नहीं हूँ
मैं सीधा-सादा उत्तर हूँ
मैं गिरि का चंचल निर्झर हूँ।

दो

मैं सागर का खारा जल हूँ
हूँ अगाध निस्सीम, किंतु
अपनी सीमा में भी निर्बल हूँ
मेरे उर में उठती रहतीं
उद्वेलित-लहरें प्रलयंकर

एक लहर के मिटने पर
शत-शत रहतीं मिटने को तत्पर
मैं विशाल; जग का सारा जल
मुझमें लय होता है हिल-मिल
किंतु न अब तक जान सका हूँ
कितनी दूर है मेरी मंजिल
जड़ हूँ पर जाने किस विद्युत्
से संचालित चिर-चंचल हूँ
मैं सागर का खारा जल हूँ

तीन

मैं चिर-गतिमय मधुर पवन हूँ
मैं प्राणों का प्राण किंतु
निष्प्राण स्वयं, जग का जीवन हूँ
मुझ में शरद-शिशिर की सर्दी
मुझ में लू की भीषण गर्मी
मुझ में झंझा की कठोरता
मुझ में कुसुम-वास की नमी
निर्विराम चलता रहता हूँ
सूने निर्जन में जनरव में
दलितों की गंदी कुटियों में
धनिकों के प्रकोष्ठ अभिनव में
मिली न अब तक मुझे चेतना
यद्यपि चेतन का चेतन हूँ
मैं चिर-गतिमय मधुर पवन हूँ।

चार

मैं गुलाब का नवल-कुसुम हूँ
काँटों में हँसता-सा दो क्षण
वास लुटाता चिर गुमसुम हूँ
कभी पवन मीठी थपकी दे

सुख का नव-संदेश सुनाता
कभी तीव्र बन, मेरी कोमल—
पंखुरियाँ दल, धूल उड़ाता
फिर भी मैं हँसता रहता हूँ
चाहे गिरे हृदय पर पत्थल
रोता हूँ, जब शरद्-गगन
बरसाता ओस-अश्रु रो विह्वल
झर पड़ता हूँ पतझड़ से कह
ओ सूनापन, मैं भी 'तुम' हूँ
मैं गुलाब का नवल-कुसुम हूँ।

पाँच

मैं न जानता कैसा क्या हूँ?
मैं हूँ सृष्टि, सृष्टिकर्ता या
मैं न पुराना या न नया हूँ।
अपना भी अस्तित्व न मैं कुछ
खुलकर अब तक जान सका हूँ
इसी खोज में आता-जाता
पर यह अब तक पा न सका हूँ
आया कितनी बार अभी तक
किसने इसकी गिनती आँकी
मेरे पद-चिह्नों से धरणी
रही न अब तिल भर भी बाँकी
किंतु अभी तक अपने को
पहचान न पाया क्षुद्र, महा हूँ
मैं न जानता कैसा क्या हूँ?

राही

मैं राही चलता जाता हूँ
खोया-खोया-सा अपने ही
आप न जाने क्या गाता हूँ
आज यहाँ कल वहाँ रहा
बस यों ही पथ बीता जाता है
कभी नगर के उच्च महल हैं
कभी शून्य वन दिखलाता है
निर्जन में, जनरव में भी
अपना ही गीत लिए आता हूँ
मैं राही चलता जाता हूँ।

अपने और पराए का मैं
भेद भाव बोलो क्या जानूँ?
सुख-दुख की परिभाषा क्या है
मैं राही कैसे पहचानूँ?
हँसता भी हूँ रोता भी हूँ
पर कुछ तथ्य नहीं पाता हूँ
मैं राही चलता जाता हूँ।

कोई आकर पूछ बैठता
बोलो राही क्या गाते हो
कहाँ जा रहे, कहाँ से आते
एकाकी क्यों दिखलाते हो
अनायास भर आईं आँखें
बस फिर गीत बुला लाता हूँ

मैं राही चलता जाता हूँ।
मंजिल का कुछ ज्ञान नहीं है
पथ का भी अवसान नहीं है
चलता हूँ, चलता ही जाता
रुकने का अरमान नहीं है
थककर पलभर बैठ, पुनः
चलता, पथ तय करता जाता हूँ
मैं राही चलता जाता हूँ।

पत्ते

तरु के पत्ते पीले-पीले
ये आते कोमल किसलय बन गुम-सुम-से, एक कहानी ले
झरने वाले पत्ते पीले

ये आते लघु-लघु, प्रिय, सुंदर
ये छाते डाली-फुनगी पर
कोमल-कोमल-से हरे-हरे
उग जाते सपने-से आकर
ये मुक्त हवा में पलते हैं,

तरु हरा-भरा हो जाता है
नन्हें नन्हें पत्ते पाकर
शिशु-से पलते, हिलते-डुलते
ये विटप-गोद में मिलजुल कर
झुककर उठकर सूखे-गीले

तरु के पत्ते पीले-पीले

फिर आती इनकी हरियाली
घिर आती यौवन की लाली
हरियाली तरुणाई बनकर
भर लाती सपनों की प्याली
नीचे रहती धरणी विशाल

सपने-सी कलियाँ खिलती हैं
कलियाँ वे अवगुंठन वाली
ये पते होते तरुण, वृक्ष तब
होता है गौरवशाली
ऊपर में विस्तृत नभ नीले

तरु के पत्ते पीले-पीले

कितनी सर्दी-गर्मी सहकर
कितनी सख्ती नर्मी सहकर
कितनी झोंकों-झंझाओं से
लड़ते रहते ये जीवन-भर
दो फल का जीवन स्वर्ग बना

कहते मानव को पाठ अमर
ये ले झिंगुर का मीठा स्वर
मानव, मत घबरा दुनिया में
जीतो जीवन दुख से लड़कर
हँसकर अपना आँसू पीले

कहते तरु के पत्ते-पीले

ये मस्त झूमते हैं जी भर
पत्तों का जग तरु की डाली

जीवन का सच्चा रस पीकर
ये चिर-योद्धा जीवन-रण के
ये एक रूप बाहर-भीतर
किरणों में जल, ओलों में पल,

है सृष्टिकाल मधु-ऋतु सुंदर
ये नूतन बन फिर आने को
झर पड़ते जब आता पतझड़
बतलाते जीवन के हीले

तरु के पत्ते पीले-पीले

यह नाश-सृष्टि का क्रम अनंत
चिर-शाश्वत यह पतझड़-वसंत
पल-पल मिटकर बनता रहता
जीवन बुद-बुद-सा, कहाँ अंत?
ये पीले पत्ते झर कहते,

जीवन की सरिता बहती है
सुख-दुख के तट में ही पलकर
जो बुंद जहाँ से आती है
जाती है वहीं पुनः चलकर
जीनेवाले हँसकर जी ले

तरु के पत्ते पीले-पीले

अंतर्नाद

प्रिय, यदि तुम को पाता
अपने उर का एक-एक कर सारा घाव दिखाता
फिर कैसे तुम कहो छोड़कर
कभी निकलने पाते
बाँध हृदय में रख लेता
तब बोलो कैसे जाते?
निष्ठुरता की भी सीमा है
...तुम निष्ठुर हो जाते?
बोलो प्रिय, सचमुच
क्या तब तुम योंही मुझे रुलाते
मैं तुम को कब जाने देता मेरे भाग्य-विधाता
मैं यदि तुम को पाता।
नयनों के मोती का मैं नित
सुंदर हार पिरो कर
तुम्हें पिन्हाता प्रिय, सारा
अपना अपनापन खोकर
तुम मुस्काते मैं हँस देता
प्रिय, विभोर मन होकर
रुठ स्यात् जाते तो लेता
मना, तुम्हें रो-रोकर
यों ही अपना सारा जीवन प्रिय, मैं धन्य बनाता
मैं यदि तुमको पाता।
तुम रहते हो दूर, व्यथा

रहती मेरे अंतर में
नित नवीन ज्वाला उठती
मेरे प्रत्येक-प्रहर में
बनकर बिगड़-बिगड़ जाती है
संकुल नीर-लहर में—
मेरे मन की भोली आशा
आँखों के सागर में।
तुम आते तो अपने उर का यह संगीत सुनाता
मैं यदि तुम को पाता।
'एक-एक' प्रिय, 'दो' होता है
यह तो है चिर-निश्चय
दो मिल हो 'चिर-एक'
यही तो जीवन का पूर्णाशय!
एक बिंदु से उद्‌भव का
होता उसमें ही लय
फिर क्यों है यह विरह;
मिलन से वंचित अबतक? विस्मय!
मैं हूँ दुर्बल, अंतराय मुझसे न हटाया जाता
प्रिय, यदि तुमको पाता

एक फूल की आत्मकथा

आज उमड़ी थी सुनहली रात
हँस रहा था आज बेहद, चाँद पुलकित गात
चाँदनी छन कर सुरभि से लोटती सोल्लास
डुबकियाँ ले-ले, नहाकर मैं लुटाता वास
लौटता था स्वर्ग-सा सुंदर सुधामय-हास
बुझ रही थी आज युग-युग की तड़पती प्यास
तारिकाओं से भरा था स्वच्छ नीलाकाश
आज सुख साकार होकर नाचता था पास
आज हर्ष-विभोर
मैं, मिलाकर आँख, चुपके खेलता था खेल
तारिकाओं से, मधुर मुस्कान आज उँड़ेल
नाचता सुधिहीन-सा उन्मुक्त आज चकोर
आज बंधन तोड़
चल पड़ी थी निर्झरी पागल पिया की ओर
झूमता था पत्तियों में मस्त
पवन देता था मुझे झकझोर
रात, उजली रात
थिरकती निस्सीम सुंदरता भरी रे' रात
झूमकर
बेहोश तृण-तरु-पात
रच नया संसार
मनाते उन्मुक्त थे, सुख का मधुर त्यौहार
दे रहे थे विश्व को सुख का अमर उपहार
आज उमड़ी थी सुनहली रात
हँस रहा था आज बेहद चाँद पुलकित गात

अचानक उलझी किसी सुकुमार—
अंगुली का पा मधुर स्पर्श
छलक आया ओस बन भू पर हृदय का प्यार
उमड़ आया प्राण में सहसा अपरिचित हर्ष
पंखुरी पर रसभरा कोमल किसी का हाथ
आँकता था चित्र गुमसुम सिहर आए प्रान
हो गए बेसुध किसी के साथ।
ढल गई मदहोश प्याली, मिल गया वरदान
तोड़ टहनी से लिया उसने मुझे अनजान
हो गया पूरा किसी का आज रे अरमान
खिल उठा अंतर किसी का चल पड़ी मधु-गान
आज उसके देव का उपहार
—मैं बनूँगा...सिहर आए प्रान
धन्य मैं?
मुझको मिला है
प्रिय पुजारिन के हृदय का प्यार
आज झूलूँगा किसी के कंठ का बन हार

और मेरा मृदुल अंतर चीर
बाँधती निकली हृदय से डोर
आह फिर भी मैं न तनिक 'अधीर
बन, हुआ विचलित...' वरन्
पाकर पुजारिन का असीम स्नेह
हो उठा पुलकित विहँस कर आज आत्म-विभोर
गूंथकर मेरा सुकोमल हार
श्वास में भरकर निखिल-अनुराग
चल पड़ी देने पुजारिन देव को उपहार
आज उसके प्राण में है नवल जीवन राग
आज उसके स्वप्न होते जा रहे साकार
आज वह अर्पित करेगी प्राणधन को हार

...किंतु, यह क्या? देव अंतर्ध्यान
हो गए, तज मोह मंदिर का अचानक आज
हा, पुजारिन का विमूर्च्छित रो उठा रे प्रान
व्यर्थ ही होगा कहो क्या साज?
भस्म होकर रह गए सब प्रार्थना के भाव
जल उठी उर में अरे अंगार
शून्य उसका हो गया संसार
आज उद्वेलित-हृदय में विकल हाहाकार
कौन-सा यह पाप?
जो पुजारिन का हुआ वरदान ही अभिशाप
हाय, निष्फल ही हुई सब साध
देव?...बोलो क्या हुआ अपराध?
ऊफ, तुम हो निठुर ममताहीन
मसल डाले हो पुजारिन के सभी अरमान
वह समझती थी तुम्हें (निर्मम?) सदा भगवान
और' तुम निकले अरे पाषाण।
चीखकर चिरकाल को मुरझा गए रे प्राण
बह चली यों आँसुओं की धार
(जल उठी उर में अरे अंगार
शून्य इसका हो गया संसार
आज उद्वेलित हृदय में विकल हाहाकार)
दे किसे पगली, कहो 'उ...प...हा...र?'

हाय, मेरी भी न पूरी आस
आज की यह आखरी है आह मेरी साँस
धूल में मैं लोटकर करता मरण-आह्वान
आज उड़ना चाहते हैं, शून्य में ये प्रान
हार था...सब झर गए रे फूल...बंधन तोड़
याद में रख जा रहा हूँ आह केवल 'डोर'!

मैं कब रोया?

मैं कब रोया?
विपदाओं की आँधी आई
पथ में घोर-अँधेरी छाई
पर मैं कब ऊबा घबराया
कब किसका आश्वासन पाया
गिरि वन या खाई-खंदक हो
मैंने कब हिम्मत को खोया
मैं कब रोया?

आई झंझा दुख की तानें
रोए जग या गाए गाने
जग को उसको रोना ही माने
पर मैंने छेड़ी हैं तानें
सागर में कूदा पर सोचो
कब उसमें यह प्राण डुबोया
मैं कब रोया?

सुख कब पड़ा हमारे बाँटे
पग-पग में चुभते थे काँटे
पर न चला मैं उसे हटाकर
हँसा, मचल हर ठोकर खाकर
जग के इस ऊसर-आँगन में
कब आँसू का मोती बोया
मैं कब रोया?

उपालंभ

किस तरह हों गान मेरे
जब चतुर्दिक जल रहे हों
हृदय के अरमान मेरे
किस तरह हों गान मेरे

बह रही लू आज विधवा
के जले निश्वास लेकर
सिसकता चलता पवन
चिर-मूक-हृदयोच्छ्वास लेकर
सूख जाते ढुलक कोने में
कहीं चुपके नयन-जल

काँपता अज्ञात-आशंका
लिए सागर अचंचल?
हृदय की मरुभूमि में रे
एक हाहाकार-सा है
किस तरह हो गीत, जीवन
जब बना कटु, भार-सा है

इन अछूतों की व्यथा ही
हिंद के है शैल सारे
आज चिनगारी बनी है
व्योम के जलते सितारे
मूक है आकाश, इन पर
देख अत्याचार निर्मम

आज लाखों दीन-दुखियों के
हृदय की व्यस्त पीड़ा
कर रही आकाश मंडल में
प्रलय की कुलिश-क्रीड़ा
लाख पेटों की धधक ले
दग्ध-रवि किरणें बिछाता

बिलखती निस्तब्ध रजनी
बिखर पड़ती लाख शबनम
आज इनकी यातना से
बरस पड़ते विकल-सावन

कँपकँपी ले नग्न-गातों की
सिहरता माघ आता
पार्टियाँ, ये वाद, दंगे
सांप्रदायिक विविध सारे

बह रहें चिर-व्यग्र गंगा—
बन' इन्हीं के अश्रु पावन

बस गरीबों के लिए ही
हाय, बलिवेदी बना रे

इन गरीबों के हृदय की
टीस के आह्वान से रे
अस्थि खँडहर में रुदन बन
लहर उठते गान मेरे।

जीवन का सुख है खोने में

जीवन का सुख है खोने में
तुम क्या जानो क्या मिलता है
तिल-तिल औरों के होने में
जीवन का सुख है खोने में

तुम कहते सुख है पाने में
रस है औरों के गाने में
जीवन का सारा भेद निहित
है 'पर' को बस अपनाने में
पर सुख तो है लुट जाने में
सौरभ उड़ेल मुस्काने में
अर्पण कर औरों पर अपना
सर्वस्व; स्वयं मिट जाने में

दे ज्योति जगत को दीपक-सा
जल-जल कर फिर बुझ जाने में
जग को दे अमृत, गरल स्वयं पी
नीलकंठ बन जाने में
तू पूछ पतंगों से, मिलता
क्या है जलकर मिट जाने में
उस दीप-शिखा पर अर्पण कर
जीवन, तन-मन झुलसाने में

सारा रहस्य है खोने में—
—जीवन का, जीवन होने में
मैं कहता सच्चे गीतों का
सच्चा स्वरूप है रोने में
जीवन का सुख है खोने में।

फक्कड़

मस्ताने फक्कड़ घूम रहे

उर में कुछ नव संदेश लिए
ओठों में नव-मुस्कान लिए
धरती पर स्वर्ग आँकने को
तूलिका उठा, वरदान लिए

दुनिया में अपनी एक नई
दुनिया की मीठी तान लिए
जग के बंधन की रूढ़ि खोल
कर, स्वतंत्रता का गान लिए

आरती सजाने चाँद उतर
आया सूने नभ से हँसकर
तारिका-कुसुम चू फक्कड़ के
चरणों को हँस-हँस चूम रहे
मस्ताने फक्कड़ घूम रहे

अलका धरणी पर लोट गई
जग बनता जाता है नंदन
नाचती उर्वशी की गति में
पड़ गया अचानक अवगुंठन

परियों के उर में हूक उठी
कोयल पतझड़ में कूक उठी
मधुबाला के कर से प्याले
गिर गए, हुआ मधु में कंपन

साकी अपने को भूल गया
खोया-खोया हो गया जगत
मस्ती का आसव पी-पीकर
मस्ताने फक्कड़ झूम रहे
जग में फक्कड़ ये घूम रहे।

गीत

मुझको सुख मिलता रोने में
हल्का कुछ कर लेने जी को
नयन बरस पड़ते कोने में
रोती हैं सागर की लहरें
गले-गले मिल चीत्कार कर
रोता है उत्तुंग हिमालय
झर पड़ता है रोकर निर्झर
जगती को जीवन मिलता है
वर्षा के आँसू खोने में
रोता है निशिभर सूने में
अमित-तारिका-चक्षु निशाकर
छलक मोतियों-सा प्रभात को
आता ओस-अश्रु धरणी पर
सूने उर का समाधान है
आँसू के मोती बोने में
मुझको सुख मिलता रोने में

उस पार

'इस पार प्रिये तुम हो मधु है
उस पार न जाने क्या होगा'
उस पार हमारे जीवन का
आधार न जाने क्या होगा

होगा अपना प्रिय कौन वहाँ
किससे हँसकर कुछ बोलूँगा
आँसू का देगा मोल कौन
किससे खुल कर कुछ रो लूँगा
कैसे बतलाएँ मानव से
होगा विधान कैसा उसका
उस नियति देव को देने का
उपहार न जाने क्या होगा

इस पार कही हँसकर अपनी
उस पार न जाने क्या बीते
किस तरह भरेंगे मानव के
अरमानों के ये घट रीते
कैसी होगी दुनिया उसकी
कैसा होगा व्यवहार प्रिये
उर की इस नन्हीं दुनिया का
आकार न जाने क्या होगा

किस तरह यहाँ से ढोकर के
ले आऊँगा यह भार प्रिये
तेरे मधुमय उर का बंधन
निस्सीम ह्रदय का प्यार प्रिये

तुम मिली, मिला था अर्पित-सा
स्वप्नों का यह संसार प्रिये
अब वहाँ बँधे उर की वीणा
का तार न जाने क्या होगा

जाना है लहरों से होकर
मानव के सब बंधन ढीले
पीना है खार समुद्र, नयन
मेरे दोनों गीले-गीले
मुझको हँसने का रोग
वहाँ कैसी कारा यह कौन कहे
उस पार हमारे जीवन का
उपचार न जाने क्या होगा

इस पार मिला बंधन का मधु
औ मधु बाला का साज प्रिये
उस पार मिलेगा अनजाना आदेश
नियति का राज प्रिये
इस पार हमारा रुदन-हास था
कुसुम-कंटकों का जीवन
उस पार मनुज की साधों का
अधिकार न जाने क्या होगा

बच्चन जी की उक्त दोनों पंक्तियाँ एक कवि सम्मेलन की समस्या थी। प्रस्तुत कविता उस कवि सम्मेलन के लिए ही लिखी गई थी।

अंतिम चाह

मैं तुमसे दिल को लगा चुका
और अपनी हस्ती मिटा चुका
तब क्यों दुनिया से डर जाऊँ
जब अपना सर्वस लुटा चुका

तेरे बस एक इशारे पर
अपनी कुर्बानी कर डाली
तुमने हँस-हँस कर जो दे दी
वह प्याली मैंने सरका ली

यह कोई कठिन नहीं सचमुच
तुम मेरे हो यह कह लेना
सब से मुश्किल है यह सोचो
अपने को तेरा कर देना

पर मैं तेरा होकर भी हा-
तुझको अपना-सा पा न सका
क्षणभर भी तुम मेरे न हुए
मैं हृदय खोलकर गा न सका।

जग मुझको कहता है पागल
सच है, अब तो मैं 'मैं' न रहा

खो गया, लुटा, मिट चुका, किंतु
तुमने पल भर अपना न कहा

पूरी मेरी कुछ साध नहीं
हो सका एक अरमान नहीं
मेरी इन बलियों का निष्ठुर
जग दे पाया स्थान नहीं

अपना कहने को कौन रहा
किसको कह सकता हूँ अपना
मैंने समझा जग जादू है
जग ने समझा यह है सपना

थक चुका पहुँचकर मंजिल तक
अब शेष न मेरी राह रही
अब भी अपना कह दो मुझको
बस यह ही अंतिम चाह रही

सूखा गुलाब

कभी इसी सूखे गुलाब को
उपवन का था राज मिला
जीवन के मधु पूर्ण-प्रहर में
मधुपों का था साज मिला

कभी इसी पर ढरकाती थी
शबनम अपनी मधु-प्याली
इठलाता था देख-देखकर
कभी इसी पर वनमाली

मतवाले मधुपों की टोली
सर्वस भेंट चढ़ाती थी
तन्मय बुल-बुल झूम-झूम कर
अपनी कविता गाती थी

कभी इसी का तीखा काँटा
लगता था कोमल प्यारा
सिहर-सिहर उठता था जिससे
उपवन का जीवन सारा

कभी चांदिनी उमड़ नाचती
थी खोले अपनी चोली
कभी इसी के मधुर-वास से
पुलक हवा भरती झोली

आज धूल में वही लोटता
मुरझाया चिर मौन यहाँ
यही नियति की मूक-कहानी
पागल किसका कौन यहाँ

आज की दुनिया

सखे आज की दुनिया करती
नरमेधों का चिर–आयोजन
विश्व–प्रलय का क्रूर दृश्य है
मानवता का शोणित शोषण
नाश नाश चिर–नाश सृष्टि का
महा प्रलय की कोयल बोली
मची धूम संहार देव की
हँसी प्रलय की संहृति टोली

मानव आज दनुज से बढ़कर
मचा रहा प्रलयंकर लीला
'उन्नति पथ की ओर विश्व'
विज्ञान व्यर्थ करता है हीला
संसृति की विद्रूप हँसी बन
प्रलय भर रही अपनी झोली
मानवता के उर पर मचती
आज रक्त की निर्दय होली

मानव जो भगवान कभी था
आज वही दानव कहलाए
दानवता लख मानवता का
रूप विकट रे आज लजाए
छि: मानव, मानव बन जाओ
रूप बदल मानवता भोली
खड़ी उधर विजयश्री लेकर
स्वागत को शुभ अक्षत रोली

बजी जंजीर

बजी जंजीर बजी जंजीर
निशा की घोर नींद में मौन
जहर की गूँज उठी चित्कार
दिशा के सोए तम का आज
अचानक भग्न हो गया द्वार
विकल जननी का रूँधा कंठ
चीख कर उठा पुकार अधीर

क्रांति का राग
तरुण रे, जाग
बज उठा दौड़-दौड़ रे वीर।

आज कारा का बंधन तोड़
कठिन पाषाण-शिला को चूर
जला दे आडंबर में ज्वाल
खुले पथ, हटे कुहासा दूर
जला प्राणों का उज्ज्वल-दीप
जले जग-तिमिर-वक्ष को चीर
तरुण निश्शंक ?
भरे आतंक
तुम्हारे उद्‌बोधन का तीर

चलो तो कौन रोकता राह
कौन-सी बाधा रखती रोक
कहाँ रे कहाँ तुम्हारा शत्रु
वहाँ क्या गया न यह आलोक
कुचल दे दुर्बलता का मूल
उठा फिर से अपनी शमशीर

काट कर फेंक
जीर्ण व्यतिरेक
बहा दे वह उन्मुक्त-समीर

अभागे से

कितने कष्ट झेलने पर ही
आज मिली थी यह नौका
सागर के उस पार 'प्राण' से
मिलने का मधुमय मौका

चूर हो गईं सब आशाएँ
जब मरु में चलते-चलते
जग आई थी विकल प्यास जब
रेती में जलते-जलते

तो पथ आया कुछ सुंदर -सा
मिलने को था पय-सागर
शीतल सारा तन-मन होता
पारिजात छाया पाकर

पर तू ने सारा खो डाला
चला छोड़ वह सुंदर राह
पिया सुशीतल समझ बर्फ को
धधक उठेगी फिर उर-दाह

परिणाम

ज्यों ही मैंने प्रिय सुंदरता को देखा
खिच आती त्यों ही उर में गहरी रेखा

कुछ दर्द लिए बेचैनी बस आ जाती
उन्मन-उन्मन व्याकुलता है अकुलाती

रह-रह स्मृतियाँ करतीं उर में क्रीड़ा
अँगड़ाई-सी ले उठती मन की पीड़ा

मेरे उर के फिर घाव हरे हो जाते
रह-रह अंतस्तल बीच शूल बिंध जाते

छाया-सी स्मृतियाँ 'आह' पुनः भर लातीं
अनजान कसक-सी व्यथा उमड़ छा जाती

मैं सुधबुध खो तन्मय-तन्मय हो जाता
पर एक व्यथा ही व्यथा सखे मैं पाता

कल्पना

मैंने न उसे प्रिय पहचाना

वह स्वप्न लोक में आकर नित
हृत्तंत्री को छू जाती है
मैं मूक चिरंतन सुनता हूँ
वह अपनी कथा सुनाती है

हाँ इतना तो कह सकता हूँ
प्राय: वह स्वर्ग-कुमारी है
पर नंदन से बढ़ कर उसको
अंतर की जगती प्यारी है

फूलों से वह हँस लेती है
गुन-गुन करती मिल भौरों में
तितली के संग मचलती है
आनंद मनाती हंसों में

लहरों में वह नाचा करती
बादल के संग घूम आती
शिखरों पर चढ़ दीवानी-सी
तारों का चाँद चूम आती

विहगों की चहक लूट लेती
कोयल बन कर गाती गाना
कवि की हृत्तंत्री बज उठती
संगीत निकलता मनमाना

रोती भी है वह रिमझिम से
हँसती तो हो आता वसंत
वह नित्य किया करती सुंदर
मनमोहक मधु-लीला अनंत

रजनीगंधा से धुले गाल
पर मलती ऊषा की लाली
कमलों के अधर बीच
ढरका लेती है वह मधु की प्याली

कलियों की पंखुरियों से चुन
शबनम का हार बनाती है
चुपके से कवि के हृदय-द्वार को
खोल सितार बजाती है

कवि उन्मन व्याकुल हो उठता
होता ज्योंही उसका आना
वह इंद्रधनुष पर चढ़ कहती
क्यों अब तो मुझको पहचाना?

उद्बोधन

जाग, जाग
जग उठा अचानक कौन राग

मैं जाग पड़ा
हो गया खड़ा

देखा जलती है क्रांति-आग
खिल रहा मरण का अरुण-राग

कुछ झूम रहे
कुछ चूम रहे

हँसकर कृपाण का अग्रभाग
मच रहा रक्त का तरुण-फाग

कट रहे वीर
व्याकुल अधीर

हँस-हँसकर बलि पर गा विहाग
धो रहे रक्त से कलुष-दाग

ये हैं शहीद
कुछ रख उमीद

ले रहे गोद में कुपित-नाग
कर रहे पूर्ण बलिदान-माँग

माँ वहीं खड़ी
बंधन जकड़ी

गा रही मौन, आह्वान-राग
गूँजा जननी का वही राग

जाग, जाग

कामना

मेरा उर चिर-विकसित हो
प्रतिपल पुलकित, हुलसित हो
यह तम-पुँजों से विकृत
उर निर्मल आलोकित हो
हो अमर-ज्योति से द्योतित
नव-नव मंगल-अनुमोदित
यह छोटा-सा मम जीवन
क्षण-क्षण जगती के हित हो
तेरे पद पर अर्पित हो
जग का यह नन्हा जीवन
जीवन का यह नन्हा जग
बढ़ चले आज निर्भय बन
शिव-सत्य-रूप सुंदर मग
इस पाप-पुण्य के बंधन
से खुले हमारा यह जग
इस हास्य-रुदन से निर्मित
सुख-दुख चिर-अंतर्हित हो
पल-पल मंगल-मोदित हो

झोपड़ी

चली ओ री कविते किस ओर
अचानक मधु-गीतों को छोड़
बोल कैसी हो आई याद
चली सुनने किसकी फरियाद

अरी पगली यह कैसी भूल
फूल को क्यों कहती हो शूल
छोड़ मधु-स्वप्नों का संगीत
उड़ाने चली आज क्यों धूल

छोड़ महलों का सुख-शृंगार
झोपड़ी को क्यों करती प्यार
वहाँ सुख का न कहीं कुछ लेश
भरा है केवल हाहाकार

अरी वह रोने का संसार
नहीं पलभर को भी मधु हास
झोपड़ी कंकालों का देश
विकट मानवता का उपहास

हँसी-हँसता है चिर विद्रूप
सदा दुखियों का फूटा भाग
वहाँ जलती रहती है नित्य
लुटे दलितों के दिल की आग

चलो गाएँ कुछ मधु-संगीत
किसी विरहिन का हृदय टटोल
यक्ष के उर का ले संदेश
बनाएँ अपना स्वर अनमोल

किसी मधुबाला का उद्गार
भरे प्राणों में जी भर आज
रचें प्रणयी का विह्वल चित्र
सजाएँ मुस्कानों का साज

प्रेम की मधुर बाँसुरी फूँक
झूम लें पलभर सुधबुध भूल
अरुण-अधरों का कर मधुपान
खिला दें रस का कोमल फूल

मानिनी के चरणों पर लोट
चित्र लें उर में देवि उतार
विकल हो रूप-सुधा का पान
करें मुग्धा की घूंघट टार

कुपित प्रेयसि के कंपित ओठ
विहँस कर सहसा लें यों चूम
कि वह भी झूठमूठ के कोप
भरे भावों से जाए घूम

रुठी तरुणी का चित्र उतार
मनाएँ गा कर विह्वल गान
सोच लें जीवन-तरु का मूल
बना लें सुखमय अपने प्रान

भूल यह पागल, तेरी भूल
शूल को ही कहते तुम फूल
देख तंद्रिल-नयनों को खोल
स्वप्न गीतों में मत कवि भूल

देख वह जली प्रलय की आग
उठा रे निठुर ध्वंस का राग
सम्हल अब भी कवि, सपने छोड़
रूप की व्यर्थ अर्चना त्याग

छोड़ महलों का नश्वर प्रेम
चलो लेने दलितों का प्यार
प्रेम के विकल पुजारी अरे
झोपड़ी का चल करो शृंगार

झोपड़ी महलों का सुख-केंद्र
त्याग का है यह सत्य-स्वरूप
यहीं रहते जग-पोषक देव
कृषक सहकर वर्षा औ धूप

इन्हीं के बल पर यह अभिमान
कहो बेबस निरीह लाचार
झोपड़ी से ही लेकर शक्ति
खड़ा कवि महलों का संसार

अनुसंधान

मैं खोज रहा तुमको प्रतिपल
चिर-दग्ध हृदय की प्यास लिए
प्रिय, खोज रहा उन्मन-विह्वल

तुम वह जिसकी कुछ परिभाषा
कर सकी न प्रिय, जग की भाषा
तुम वह जिसका कुछ संबोधन
कर सका न स्थिर चिर जग जीवन

तुम आदिहीन, मेरे अनंत ?
तुम शून्य सृष्टि के दिग् दिगंत
तुम कण-कण के स्पंदन अनूप
तुम रूपहीन तुम विश्वरूप

उर की अनंत अभिलाष लिए
जर्जर जीवन की आस लिए
मिलने का चिर-विश्वास लिए
मैं ढूँढ़ रहा हूँ तुम्हें विकल

पागल

मैं पागल जग में घूम रहा
जग में रहकर भी दूर-दूर
अपनी मस्ती में झूम रहा
कोई लेता चुटकी मुझ से
कोई देता है मधुर-प्यार
कोई हँस देता देख मुझे
कोई रो देता एक बार
कोई कहता मत छेड़ इसे
गाता है पागल बेचारा
कोई कहता गाओ पागल
गा डालो रे गायन सारा
मैं हँस देता हूँ सुन-सुनकर
वह कहता हँसता है पागल
मैं कहता आओ गीत सुनो
बस भर आते हैं दृग में जल
नित नए-नए साथी आते
सुनकर मेरा गायन जाते
कितने तो हँसते औ कितने
रोते ही तो हैं दिखलाते
अब कोई मेरा हाथ पकड़
कहता 'पागल, मेरे पागल'
तब हिल उठते हैं ओठ, हृदय
भर आता, झर पड़ता दृग जल

मैं भाग वहाँ से चल पड़ता
कुछ दूर, दूर आ जाता हूँ
अपने मन के उलझे-सुलझे
भावों का गीत बनाता हूँ
जग रोता है, मैं हँसता हूँ
इसलिए नाम पागल मेरा
इस ठौर कभी उस ठौर कभी
पागल का है चंचल डेरा

निराश

मैं निराश बैठा हूँ थक कर

प्रिय तुम को पाने अब तक मैं आया कितने रूप बदल कर!

किंतु न कहीं मिले तुम अब तक
रुका न पलभर चक्र अवनि का
निर्विराम गति से, गिरती हो
रही नियति की कुटिल यवनिका

आज शून्य में लीन हो रहा कंपित-सा मेरा निर्बल स्वर
जाने कब से हूँ पुकारता किंतु न कुछ आया है उत्तर

खोज रहा हूँ मैं युग-युग से
ले उर में कितनी अभिलाषा
हैं कितने सागर, सर, पथ में
किंतु रहा मैं अब तक प्यासा

थका खोजकर प्रिय तुम को मैं गहन, गुहा, गिरि, अवनी, अंबर
बोलो कहाँ-कहाँ जाऊँ अब लिए दग्ध, चिर-व्याकुल अंतर

युग-युग की ले प्यास हृदय में
युग-युग की ले आस हृदय में

खोज रहा हूँ प्रिय तुम को मैं
ले असीम विश्वास हृदय में

कण-कण से मैं पूछ रहा हूँ जितने मिले आज तक पथ पर
मिलने की आतुरता कितनी रुका न प्रिय मैं अब तक पल भर

उर की व्यथा गीत बन निकली
गूँज रही है वन उपवन में
शिथिल हो गए बंध प्राण के
लीन हो रहे सूनेपन में

तम मज्जिन पथ, भीषण-सागर, भ्रांत पथिक मैं बैठा तट पर
उद्वेलित-लहरें उर में हैं, नयनों से झरता है निर्झर।

मैं उदास बैठा हूँ थक कर।

जीवन-नौका

लो कर्णधार यह नाव चली
हिलकर, डुलकर, कुछ डगमग-सी
फिसली, सम्हली, मचली, निकली
लो कर्णधार यह नाव चली

यह विश्वधार सुंदर चंचल
अगणित-लहरें, सीमित संबल
प्यासी आशा जिसके प्रवाह
मोहक तरंग, आवर्त प्रबल
जीवन-नौका को ठेल गई
चुपके-से एक हवा पगली

नाविक, सोया था यह यात्री
नादान, सरल शैशव के क्षण
खो गए स्वप्न से, नव यौवन
के जाग उठे मधुमय कंपन
जग उठा पुलक कर आरोही
चौंका, रे यह तो नाव चली

सायं के दीप जले झिल-मिल
लघु-लघु प्रकाश शीतल सुंदर
बीती संध्या, बढ़ गया तिमिर
नव-तरुण-ज्योति फैली खुल कर
जितना गाढ़ा जग-अंधकार
उतनी ही दीपक-ज्योति जली

निश्चित गति में बहती धारा
निश्चित लय में कहती धारा
चल आरोही बहला ले मन
वह देख नियति की चिर कारा

तंद्रिल-आँखें कुछ उठीं, उधर
आकर्षण की धूमिल-रेखा
आशा की जानी-अनजानी-सी
को मैंने उठते देखा

चल तान पाल, मत घबराकर
पीछे निहार मिटती पिछली

चल पड़ी नाव उस ओर, जगी
उत्सुकता मधुमय प्यार-पली

सुख-दुख की पुरबैया-पछबैया
आ नौका झकझोर गई
युग, वर्ष, मास, दिन, पल-पल की
आ-आकर सुना हिलोर गई
यौवन अस्थिर, बढ़ चल पागल
वह देख जरा उठती बदली

मैंने देखा चल पड़ी नाव
नाविक मेरे, प्रियतम सुंदर!
तुम जानो गतिविधि आरोही
तो आरोही तुम पर निर्भर
ले चलो जिधर जैसी मर्जी
जिस घाट उतारो बुरी भली

शत-शत तरंग उठतीं मिटतीं
नाविक, नौका डगमग विह्वल
वीरान देश, पथ अनजाना
आरोही का बस तू संबल
यह क्या जाने इन लहरों में
है कौन सरल, है कौन छली

दो डुबा इसे या लो उबार
मंजिल या दो प्रिय यहीं छोड़
अनुकूल वायु प्रतिकूल, पल
दो तान, धरो पतवार डोर
जिस ओर चलो मंजूर वही
हे कर्णधार हे शूर बली
लो जीवन की नौका निकली

मेरे तुम...!

आज मिलन की मधु बेला है मिलते जग के कण-कण गुमसुम
एक पृथक् मैं हूँ पर्दे की ओट छिपे अब भी मेरे तुम?

मेरे नयनों की कविता में
मेरे सारे भाव छिपे हैं
तेरे अधरों के बंधन में
मेरे उर के घाव छिपे हैं

तेरे बंकिम-भ्रूक्षेपों में
जीवन के अरमान छिपे हैं
तेरे नुपूर के रुनझुन में
तेरे प्यारे गान छिपे हैं

चेतनता विक्षिप्त हमारी बेसुध-सा उद्भ्रांत-हृदय है
स्मृति की निस्सीम परिधि में मेरा अपनापन भी लय है

मिलती है अंबुधि से सरिता
सरिता से निर्झर गिरि से गिर
चंद्र, यामिनी से, सागर की
लहरें एक-दूसरे से चिर

गंध पवन से, मधुप कुसुम से
मिलते अंतराय खो सारे
किंतु न मैं तुमसे मिल पाता
ज्यों न नदी के मिलें किनारे

कभी प्रेयसी कह पुकारता कभी तुम्हें कहता हूँ प्रियतम
बुरा न मानो मेरे सब कुछ? कुछ तो हो निश्चय कम-से-कम

अपने इस पागलपन में मैं
'तू-मैं' को खोए बैठा हूँ
चेतनता के द्वंद्व-कलुष
प्रेयसि-प्रियतम धोए बैठा हूँ

आओ प्रिय अब देर न समुचित
आओ मिल लें अंत समय में
विवश प्राण जाने को तत्पर हैं
फिर से नूतन-अभिनय में

जाने फिर कब तक भटकूँगा प्रिय अणु-अणु की ठोकर खाकर
कौन कहे फिर भी पा सकता या न तुम्हें अभिनय में जाकर

क्यों फिर मुझको नाज न हो ?

क्यों फिर मुझको नाज न हो ?
साथी, मैंने है यह पाया
उसके प्रेम प्यार का साया
मैंने तो जीवन-निधि पा ली
उसने अपना कह अपनाया

प्यार मिला अब शेष कहो क्या, क्यों दिल की आवाज न हो
मैं हूँ धन्य, धन्य यह जीवन, क्यों फिर मुझको नाज न हो ?

आँखों ने जाने क्या देखा
खिच आई अंतर में रेखा
मस्त हुआ मैं उसको पाकर
कर न सका सुध-बुध की लेखा

अपना जो था शेष हुआ सब, क्यों दिल पागल आज न हो
उसको पाकर सब कुछ पाया क्यों फिर मुझको नाज न हो ?

किंतु मुझे तो कुछ न याद है
कैसे उसका प्यार मिला रे
पहले मैंने हृदय दिया
या पहले मधु-संसार मिला रे

केवल पाया मैं न रहा 'मैं' मैं की अब आवाज न हो
अपने को खोकर पाया है, क्यों फिर मुझको नाज न हो?

पागल, मोह रूप का होता
जिसमें पलभर को दिल रोता
यह तो पावन-प्रेम कि जिसमें
विरह-मिलन का अमृत सोता

स्वर्ग-कुसुम-सा निर्मल है यह साथी रे भ्रम आज न हो
रूपजन्य आसक्ति नहीं यह, क्यों फिर मुझको नाज न हो?

मोह, मोह है, प्यार नहीं है
आत्मा का आधार नहीं है
प्रेम ईश का धवल-धरोहर
मानव का अधिकार नहीं है

जो उसको वासना-पंक से पंकिल कर दे, लाज न हो
इसमें विरह-व्यथा, न वासना क्यों फिर मुझको नाज न हो?

मेरे उर में पागल कवि है
कभी चाँद है कभी सु-रवि है
मिली चिरंतन मधु प्रकाशमय
कवि को 'उसकी' कोमल छवि है

शीतल-उष्ण किरण से सज्जित क्यों मेरा यह साज न हो
कभी मिलन है, कभी विरह है, क्यों फिर मुझको नाज न हो?

सिद्धि

आज न क्यों मैं पागल होऊँ
दुनिया की सुधबुध को खोऊँ
उसकी पूजा को प्राणों की
क्यों न आरती आज संजोऊँ
मुझको उसका प्यार मिला है
स्वप्नों का संसार मिला है
'तुम मेरे हो' आज मुझे यह
उसका प्रिय उद्‌गार मिला है
आँखों से होकर उतरी है
उर में प्रिय तसवीर किसी की
जीवन की यह अमिट-छाप है
हो सकती तकदीर किसी की?
अमर-प्रेम की मधुर-रागिणी
आज हमारे उर में बजती
किंतु न जिसमें कभी वासना-
के नूपुर की झंकृति सजती
एक + एक = दो झूठ हुआ रे
एक एक मिल एक आज है
यही निराला गणित प्रेम का
मिला कि जिस पर मुझे नाज है
उसको पाकर सब कुछ पाया
क्यों न अधूरापन निज खोऊँ
उस सागर में दग्ध-हृदय यह
क्यों न पुलककर आज डुबोऊँ

कवि तुम को तो विष पीना है

कवि, तुम को तो विष पीना है
किया देव-दानव ने मिल यह युग मंथन
जिससे निकला है वह अमृत, यह विष
अमृत तो सुर लेगा

पर विष है कठिन—हलाहल
इसको पी मृत्युंजय बन जीना है।
कवि तुमको तो विष पीना है

उधर देख तो राष्ट्र पुरुष पर दगी गोलियाँ
हाय अहिंसा के सुहाग को फूँक फाँक कर जली होलियाँ
और इधर भारत माता की छाती फटी
हुए टुकड़े हैं
टूक-टूक माँ वसुंधरा है
फूट-फूट रोता नभ मंडल
इस अजस्र-करुणाधारा में
कूद, तुम्हें ही सूचिकार! इस फटे हृदय को
सावधान होकर सीना है।
कवि तुमको तो विष पीना है

भिन्न-भिन्न हैं वाद चल पड़े
जन तबाह है, युग तबाह है, यह सारी दुनिया तबाह है।
बात-बात में क्रांति चाहिए

इनकलाब हड़ताल चाहिए
ये मिल-मालिक पूँजीपति
औ श्रमिक वर्ग के आए दिन होते हैं झगड़े
वे किसान औ जमींदार के द्वेष
सांप्रदायिक कटुता
यह वर्ण-वर्ग-विद्वेष
कि जिससे रोता भारत
रोती दुनिया
रोता युग
यह शांत करो
कुछ तान भरो
ओ गायक, तेरे ही कर में तो
मधुर-रागिणी की बीना है।
कवि तुम को तो विष पीना है।

कवि की कल्याणी

प्राची के प्रांगण से निकली
जब सलज्ज रजनी लघु गति से
अंतरिक्ष के अंतराल में
छिपी लजा कर वह दिनपति से

चला कुटी से पुरुष एक उठ
हटा कुटिल कच, दृग से देखा
द्यावा-पृथिवी में अनुरंजित
उगती आती है द्युति रेखा

जवाकुसुम-सा शोख द्वार-पट
हटा किरण वह झाँक रही है
इस स्वर्णिम प्रभात की माया
चित्र मधुर कुछ आँक रही है

पुरुष क्रूरकर्मा अँगड़ाई ले
अवगाहन को फिर सहसा
चला, वक्र-रेखा-सी कल-कल
ध्वनिमय उधर नदी थी तमसा

तरु, तृण लतिका विहग वन्यपशु
सभी पा रहे थे सुख अद्‌भुत
पथ में एक नयन-पथ आगत
क्रौंचमिथुन था प्रेम-परिप्लुत

सुखाविष्ट यों क्रौंच मिथुन को
देख प्रणय-क्रीड़ा अनुरंजित
पुरुष निमिषभर रुका प्रकृति की
मधुर भावना से हो स्तंभित

हाय उसी क्षण ब्याध वाण से
बिद्ध क्रौंच को उसने देखा

मध्यमान मन विकल हो उठा
उगी क्रांति की दुर्वह रेखा

उस निरीह का बेध अकारण
'मा निषाद' की निकली वाणी
पुरुष हो उठा कवि तब सहसा
फूट पड़ी कवि की कल्याणी

वह प्रचंड-चेतना अमर-करुणा
से नि:सृत कवि का वह स्वर
निकला लोकव्यवस्था के हित
करने नाश अनय का सत्वर

हुए राम प्रतिरूप इसी के
निज बाँहों में ले दुर्जेय-बल
मिटा अनय, मर्यादित जीवन
बना शांत यह पुनः धरातल

जिज्ञासा

क्यों मेरा हृदय मचलता है?
जब घिर आते काले बादल
रिमझिम में बूँदें आतीं, कल
जब तड़ित बिछलती है चंचल
मन क्यों मेरा हो त्वरित तरल

अलि, उसकी आलोकित-स्मृति का
ज्योति-दीप बन जलता है?

जब शुष्क-तप्त अवनी-अंबर
पर बरस-बरस पड़ता जलधर
जब अलस किरण खिलती घन पर
उगता है इंद्रधनुष सुंदर

भावों की आँखमिचौनी का
क्यों तब नव-अभिनय चलता है?

जब तरु में खिल उठते मंजर
अमराई में विह्वल पिक-स्वर
उठ कूक-हूक भरता, अंतर
का विकल विहग हो भाव-मुखर
मधु-गीत किसी का गाता है
सखि, यह संसार पिघलता है।

जब दीप-शिखा जलती उत्प्रभ
बेसुध-सा हो उद्दाम शलभ
मिटने में शत-निर्माण सुलभ
कह आलिंगन करते, निष्प्रभ

वह दीप सिहर उठता, प्रणयी का
गत इतिहास बदलता है।

जब सांध्य-गगन होता धूमिल
टिम-टिम तारे आते हैं खिल
सस्नेह ज्योति-तम जब घुलमिल
पथ को कर देते हैं झिलमिल

क्यों परदेशी को रुकने की
उर में उठती विह्वलता है!

जब चंद्र-ज्योत्स्ना की गरिमा
भरती नभ-आँगन में महिमा
आलोकित कर देती जग को
उज्ज्वल किरणों की शुचि प्रतिमा

अलि, क्यों आह्लादित-उर में भी
जग जाती तब चंचलता है?
क्यों मेरा हृदय मचलता है!

गीत

कवि का मन वह विशद गगन है।
विस्तृत नील नभमंडल की
अपरिमेय सीमा की समता
विविध रूप-वर्णों के सुललित
अभिनव की प्रतिबिंबित क्षमता
एक कल्पना-परी उड़ी है
विकल-विहग-सी तिरती जाती
यह उदार निस्सीम कल्पना
कवि को एक उसी की ममता
कवि की यह उन्मुक्त चेतना अभिव्यक्ति में आज मगन है।
कवि का मन वह विशद गगन है।

नभ में तारों भरी रात
यह राजहंस-सा चाँद, बिहँसता
ऊषा की सलज्ज मुस्कानें
छितराती निज सुघड़ सरसता

काली-काली घटा उमड़ती
बनी बलाका-पंक्ति सुरेखा
संध्या की श्रीहीन उदासी
वातायन से अमृत बरसता
घिर आया वह देख व्योम में सजल तरल बन श्यामल घन है।
कवि का मन वह विशद गगन है।

तड़ित तड़पती सघन मेघ में
शुभ्र गगन की वह स्वर गंगा
धूमकेतु विध्वंसक, आया
सुंदर इंद्रधनुष सतरंगा
अशनिपात का गर्जन-तर्जन
कवि का स्वर हुंकार कर उठा
सावधान, कल्याणी बोली
रहे न कोई भूखा नंगा

मृदु उर्मिल झंझा-सा भीषण भिन्न-भिन्न स्वर सरल गहन है।
कवि का मन वह विशद गगन है।

पूनो की उजियाली नभ में
और अमा आई तमसा वृत्त
विविध रूप के अभिनय-सी हैं
कवि की अमित कल्पना संभृत
सीमाहीन गगन में क्षण-क्षण
हैं अनंत अभिनय के दर्शन
कवि की कोमल स्वर-लहरी उठ
उमड़ चल पड़ी जग में संस्कृत

नभ अनंत, कवि मन अनंत, भावों की यह अभिव्यक्ति, लगन है
कवि का मन वह विशद गगन है।

परिशिष्ट

जयगान

उस खिलने वाले नव विहान की जय हो
वह नव विहान जिसमें नव ज्योति खिली है
वह ज्योति कि जिसमें हमको विजय मिली है
हम मुक्त, स्वतंत्र, सृजन के पथ पर आए
मिट गई कलंक-कालिमा सब पिछली है
तम के जड़ बंधन तोड़ स्वराष्ट्र गगन में
उस उगने वाले अंशुमान की जय हो
यह केसरिया जिसमें चिर त्याग भरा है
यह श्वेत कि जिसमें निर्मल राग भरा है
यह हरीतिमा शस्यों की मृदु हरियाली
जिसमें जग जीवन का अनुराग भरा है
सर्वोच्च गगन में फहरे अमर तिरंगा
उस उड़ने वाले ध्वज महान की जय हो
वह राष्ट्रपिता जिससे युग घूर्ण हुआ है
हिंसा का दंभ जगत में चूर्ण हुआ है
जिसकी सुकीर्त्ति का मुकुट पहन जननी का
उन्नत मस्तक चिर गौरव पूर्ण हुआ है
जो सत्य अहिंसा का प्रतीक था जग में
उस अमर बने प्रिय राष्ट्र-प्राण की जय हो
यह यमुना, गंगा, विन्ध्य, महान हिमालय
यह प्रिय अशोक का स्तंभ, सुदृढ़ चिर-निर्भय
यह ताजमहल औ बौद्ध गया का मंदिर
जिसकी शत-शत कंठों से निर्घोषित जय
इस तीस कोटि के प्राण, राष्ट्र की आशा
उस जनतंत्रात्मक नव विधान की जय हो

कोशी दर्पण : जनवरी 1951

सिंहावलोकन

आज बैठकर देख रहा कवि ये ग्यारह अध्याय
आजादी—अधिकारों, कर्त्तव्यों का युग-पर्याय

आजादी का यह तेरहवाँ वर्ष खोलकर द्वार
आया दायित्वों के स्वर में भर अतीत का प्यार

आँक रहा ग्यारह बीते वर्षों का संकुल-कर्म
अब तक की उपलब्धि, मुक्त भारत का उन्नत मर्म

विविध अभावों की प्रस्तुत है रेखा यद्यपि सम्मुख
किंतु विजय की ओर बढ़ रहे चरण हमारे उन्मुख

बढ़े निरंतर ज्योतिद्वार की ओर प्रगति के चरण
तिमिर-जाल को छेद, किया कनकाभ-किरण का वरण

माना चित्र अधूरे ही हैं दूर अभी है मंजिल
किंतु तूलिका तो कर में है वर्द्धमान गति तिल-तिल

अभी और बढ़ना है हम यह निश्चय जान रहे हैं
लक्ष्यवेध के लिए चुनौती युग की मान रहे हैं

किंतु सत्य है यह कि अभी तक प्रगतिपंथ पर गतिमय
चरण रूके हैं नहीं, निरंतर बढ़े जा रहे निश्चय

काल-रेत पर चरण-चिह्न ही नहीं, मील के पत्थर
हमने गाड़े हैं, उपलभ्यों के इतिहास अनश्वर

नि:संशय विजयी होंगे विश्वास मुखर है वाणी
उतरेगी भू पर अलका से स्वप्नों की कल्याणी

जगी चेतना जन-जन की अवदात

बीत गई वह दुख की काली रात
नव-स्वतंत्रता की किरणों से
प्रोज्वल प्रोद्भासित भविष्य के
पथ प्रशस्त करता, लो आया
जन-जन की आजादी का नव प्रात
तम की विभीषिका-सी छाई
राष्ट्र गगन में पराधीनता
मिटी; मिट गया अंधकार वह
विकसित मा का हुआ हृदय-जलजात
नभ के वातायन में विहँसी
घन के झिलमिल वस्त्र हटाकर
पूर्व क्षितिज के आँगन में
छब्बीस जनवरी की ऊषा सुस्नात
हँसा हिमालय विहँसी गंगा
विहँस उठे भारत जननी के प्राण
विहँसे कवि के युग से सोए गान
विहँस उठे खेतों के तरु-तृण-पात
मिली हमें युग से बिछुड़ी आजादी अपनी
मिले हमें अपने सारे अधिकार
किंतु साथ ही मिला हमें दायित्व हमारा
जगी चेतना जन-जन की अवदात

प्रार्थना

हे समस्त विश्व के पिता हमें प्रकाश दो
प्रकाश वह कि नष्ट हो कुबुद्धि की निशा
विहँस उठे प्रकाशपूर्ण ज्ञान की दिशा
कि राष्ट्र-सर में प्रेम के सरोज का विकास हो
हे समस्त विश्व के पिता हमें प्रकाश दो
बढें सदा हमारे पग सुकर्म में अभय
हमें सभी जगह सदैव प्राप्त हो विजय
कि मार्ग के समस्त विघ्न का विभो विनाश हो
हे समस्त विश्व के पिता हमें प्रकाश दो
सभी मनुष्य एक हों कि दूर भेद-भाव हो
सभी स्वतंत्र हों न विश्व पर कभी दबाव हो
अशेष जीव हों सुखी कहीं न दुख-त्रास हो
हे समस्त विश्व के पिता हमें प्रकाश दो।

धर्म और संप्रदाय के नाम पर आए दिन जो संकीर्णता बढ़ती जा रही है, उसके कारण 'रघुपति राघव राजाराम' की प्रार्थना में भी कई विद्यालयों में विरोध की स्थिति हो जाया करती है। इस प्रकार की कई सूचनाएँ मिली हैं। कवि किसुनजी ने भी, जो सहर्षा जिले के बहुद्देशीय विद्यालय, सुपौल के एक सहायक अध्यापक हैं, ऐसे ही विरोध के विचारणार्थ अधिकारियों के समक्ष यह प्रार्थना बना कर दी थी। और, तब से उक्त जिले में ही नहीं, अन्य कई जिलों में अनेक विद्यालयों में यह प्रार्थना की जाती है। इस दृष्टि से वस्तुतः यह एक अत्यंत उपयुक्त प्रार्थना है, जिसमें संप्रदायवाद की कहीं गंध नहीं है, अपितु राष्ट्रीयता और विश्व-मानवता के ऊँचे भाव की सुगंधि विद्यमान है—संपादक।

हिंद की मचल उठी तलवार

उत्तर पूरब की सीमा पर
साम्यवाद की खाल ओढ़कर
कपट भरे विस्तारवाद की
भरकर नीच दुनाली
पंचशील, बाडुंग-शांति पर
सह-अस्तित्व, लोक-क्रांति पर
पोती तूने परम नीचता की है
स्याही काली
राम-कृष्ण की जन्मभूमि पर
तेग बहादुर, राणा और शिवा की
प्यारी कर्मभूमि पर
ओ बेशरम,
अभागे,
चीनी!
कर दी हरकत बड़ी कमीनी

पर सच जानो आज तुम्हारे
पापों का घट फूटा
जान गई दुनिया
किसका अस्तित्व आज है टूटा
अर्जुन का गाण्डीव जगा है
गदा भीम की जागी
जाग पड़ा है बच्चा-बच्चा

लेकर कर में अमर पताका
मातृ-भूमि की
स्वतंत्रता का—
यह अदम्य अनुरागी
सावधान भेड़िये,
खुल पड़ी आज सिंह की आँखें
अब न शांति के कबूतरों की
दुष्ट जालिमों,
नीच बहशियों,
काट सकोगे पाँखें

जाग उठा है आज हिमालय
जाग उठा लद्दाख
मूर्ख, तुम्हारे सब मन्सूबे
हो जाएँगे राख
आज हिंद के जन-जन सैनिक
अपने दुश्मन को माटी में
मटियामेट करेंगे निश्चय
सिक्किम में, भूटान या कि लद्दाख
और नेफा-घाटी में
जगी जवानी, उबला शोणित
मचली है तलवार
आज हमारी यही चुनौती
आज यही ललकार
सावधान चीनियों,
हिंद की मचल उठी तलवार।

उग रहा सूरज

उग रहा सूरज कि मिटती जा रही है रात
जा रही है रात मिटती
फट रही तम की यवनिका
और अब तो लड़खड़ाते पाँव हैं इस अंधियाली के
उजाला आ रहा है
दूर;—वंशी के स्वरों में झूम
हिमगिरि के शिखर पर बैठ कोई
इस नए संसार की नूतन प्रभाती गा रहा है
गा रहा है यह कि जय हो, हे महान मनुष्य
कर्मशील मनुष्य जय हे सृष्टि के सम्पूज्य
हे जमाने के उपेक्षित और शोषित देव!
जय तुम्हारी बोलते भूगोल और खगोल।
अब निरे अज्ञान की यह अंधियाली मिटेगी ही
पौ फटेगी
फट रही है
स्वस्थ होंगी ये दिशाएँ
भूमि से आकाश तक सब साफ होगा
चहचहाएँगे विहग-दल
झूम पुलकेगी धरित्री
और, इस युग सरोवर के कष्ट-कीचड़ में खिलेगा
मनुज के सुख का सरल जलजात
उग रहा सूरज कि मिटती जा रही है रात।

खत्म ही होंगे मनुज के वे सभी दुख
जो कि होते आ रहे हैं चिर दिनों से
शक्तिधर इन राक्षसों के हाथ
पिस रहा संसार
और घुटकर, तड़पकर, घिसकर
कि मरती जा रही है
मनुज की यह मनुजता लाचार
आज निर्बल हो रही उनकी पकड़ है
और घटती जा रही है शक्ति
आज युग के हथौड़े का
पड़ रहा है आखिरी आघात
उग रहा सूरज कि मिटती जा रही है रात।
खून देकर धारा को जिसने बनाया सरस उर्वर
सृष्टि को जीवन दिया जिसने
कि अपने प्राण बाँटे
बन गए फिर लाल-लाल गुलाब काँटे
और झूमी खेत में वह बाली गेहूँ की सलोनी
किंतु हाय? गुलाब गेहूँ
हड़पकर, सब ले लिए उन राक्षसों ने
जो जमाने को बनाने का
बड़े ही ठसक से हैं दम भरा करते
कि जी भर चूसकर जो खून मानव के
बड़े आराम से ये खूब मोटे हो गए हैं
और, क्रमशः निज सुविस्तृत उदर में जो
हजम करते जा रहे हैं संसार को ही
किंतु अब बस...
अब सँभलकर मिल गए हैं सब जगह के खूनवाले
खूनवाले वे कि जिनका पी लिया सारा लहू
अब हड्डियों के शेष भर हैं।
आज लेकिन हड्डियों के उस निरे कंकाल में भी

आग भड़की
राख जिसमें ये बनेंगे
आज या कल
रोक सकता है न कोई
बँध गई है आज मुट्ठी हड्डियों की
जो पड़ेगी और अब भी पड़ रही है
खून के चसके हुए वे दाँत उनके टूटते ही जा रहे हैं
और वे तारे बनेंगे
जो कि पश्चात्ताप की ही आग में जलते सदा
चिनगारियों-से दीखते हैं
शून्य की उस कालिमा में बिलबिलाते
अब न टिकने पाएँगे कुछ देर भी वे
शीघ्र ही दुखपूर्ण उनका अंत होगा
मिटेंगी यह विषमता
सब एक होंगे आज के मानव
कि बस अब एक-से दुख-सुख बटेंगे
सभी होंगे सुखी औ संतुष्ट जीवन
रह न पाएगा कहीं कोई कभी अब
मनुज विह्वल, वस्त्र-हीन, विपन्न
या कि निर्धन, निरानंद, निरन्न
और तब इन मंदिरों के देवता से
मस्जिदों, गिरजाघरों के
गौड या अल्लाह से ऊँचा रहेगा
हाड़-माँसों का बना यह मनुज सर्वश्रेष्ठ
लिख रहा पूरब क्षितिज पर
नए युग का मधुर अरुणिम प्रात
लाल स्याही से यही कुछ इस तरह की बात
उग रहा सूरज कि मिटती जा रही है रात।

विद्यापति के देश में : 1951

पुरुष गीत

(उत्तम पुरुष—मैं)

मैं क्या हूँ...
क्या कहूँ
दुख होगा सुनकर
फिर भी कह देता हूँ बातें कुछ चुनकर
पढ़ना और लिखना समाप्त हो जाने पर
दिये बहुत फेरे
और भरी बहुत चौकड़ी
घूमे कई दरवाजे
दिये कई आवेदन
किंतु नहीं मिली जब
मन की कोई नौकरी
तो मन की अधमरी आशा को दफनाकर
डाल दिया ऊपर से संतोष का पत्थर
हो गया कवि
और लिखने लगा गीत
छपाई किताबें
पर बिकीं नहीं मीत
और कई स्कीमों पर चक्कर फिर काटे
ख्याली पुलाव के लुकमे भर चाटे
भावों से मनके में गढे फिर काटे
लेकिन वह किस्मत नहीं
पड़ी मेरे बाँटे
और अब क्या हूँ

क्या कहूँ?
दुख होगा सुनकर
सोचता हूँ, क्या होगा पढ़कर या गुनकर
यों 'मैं' हूँ उत्तम पुरुष
यह व्याकरण है कहता
और मैं इस व्यंग्य का आघात बहुत सहता
वैसे तो उत्तम पुरुष
उसे लोग कहते हैं
लक्ष्मी का लाड़ला वाहन जो रहता

(मध्यम पुरुष—तुम)

तुम हो बस तुब प्यारे
मध्यम पुरुष हो तो
लेकिन अपना तुम
अनुपात जरा सोचो तो
रहते हो कमरे में
कमरा है घर में
घर है मोहल्ले में
मोहल्ला नगर में
नगर है राज्य में
और राज्य भी है देश में
देश कई पृथ्वी पर
छोटे-बड़े वेश में
एक हजार पृथ्वियाँ भर दें किसी घड़े में तो
केवल एक शुक्र के बराबर घड़ा होगा
ऐसे यदि एक हजार शुक्र मिल जाएँ तो
उससे भी सूर्य यह बंधु, बड़ा होगा
और इस सूर्य से कितने नक्षत्र बड़े
ऐसे हैं अनगिन सूरज औ तारे
ये सारे नक्षत्र मंडल एक ही बह्माण्ड में हैं
और हैं अनेक बह्माण्ड सुनो प्यारे

सोचो तो हैं फिर कितनी पृथ्वियाँ
कितनी ही भूमियाँ
कितनी ही सृष्टियाँ
शायद अब तेरी समझ में यह बात आई
यह है अनुपात तेरा
इस विराट से भाई ?
तब भी बस तुम हो कि
स्वार्थ, अहं, ईर्ष्या से
अपने को सबका स्वामी
तुम कहते हो
दूसरों से घृणा
और तुच्छ दृष्टि रखकर तुम
घोर अविश्वास में
लीन बने रहते हो
इस असीम सागर की
एक नन्हीं बूंद हो; पर
दुनिया की कौन कहे
आदमी के भी साथ बंधु
तुम न रह सकते ही

(अधमपुरुष—वह)

वह श्रीयुत डैस...डैस...
जी हाँ, हैं अन्य पुरुष
उत्तम और मध्यम के बाद का
अधम पुरुष
अपने को खुलेआम
कम्युनिस्ट कहते हैं
और इस तरह
अंतरराष्ट्रीय मामलों में
रूस या चीन के साथ-साथ बहते हैं
राष्ट्रीय मामलों में

पूरी तरह
श्रीयुत वहाँ
श्रीमती इंदिरा के विचारों के साथ हैं
और जब प्रांतीय मामला
उग जाता है
बेखटके जनसंघ से
मिला लेते हाथ हैं
दूसरों के घर के मामले में
'मार्क्स' ठीक
अपने घर में तो
बस 'मनु' ही सही हैं
भूदान, श्रमदान
संपत्ति दान का दम भरते
अपने शहर के
बड़े नेता वही हैं
वह
श्रीयुत डैस...डैस..

22.01.1958

तीन छोटी कविताएँ

मन:स्थिति

यह निर्जन वन
पगडंडी-सा शून्य पड़ा है
मेरा जीवन
राह भूलकर
खोया-खोया
भटक रहा व्याकुल अंतर्मन

बनियाँ

सेठ सूरजमल
सुबह-सुबह नहा-धोकर
लाल-लाल चाय पी
खोलता दूकान
दिन भर है करता व्यापार
नाना प्रकार
शाम होते ही दुकान बढ़ाकर
काली-सी चादर पर
फैलाकर रेजगारी
गिनता भर रात।

मेरी श्रद्धा

सागर है रत्नाकर
अमित वारि-राशि

मेघ बरसता
निर्झर झरता है
नदियाँ गिरती हैं
सागर भरता है
लक्ष्मी का नैहर है, विष्णु की ससुराल
किंतु मेरी सारी श्रद्धा
उस छोटी चिड़िया पर है
जो अपने अंडे के चोर को
अपनी छोटी चोंच से
उलीचकर सुखा देना चाहता है।

प्राच्यप्रभा : अक्तूबर 1967

तीन कविताएँ

अकाल

इस संकुल नींद में
किसने कही बात
जो मैं हूँ देखता
स्वप्न साँझ-प्रात
महगी में नहीं रहे
सपने आश्वस्त
व्यक्तित्व के खंडहर में
जीवन है त्रस्त
ले रहा सत्य से
प्रत्यय प्रतिशोध
अर्थ को नहीं रहा
आज शब्द-बोध।

निर्लज्जता

मुँह पर लगाकर नकाब
घूम रहे नि:संशय लोग
स्नो पाउडर से छिपाकर
भूल गए असलीयत
सहज रूप में सब कोई
एक दूसरे को ठगते हैं
किंतु दूसरा नहीं तो
खुद को पता है

अपनी कुरूपता असंदिग्ध जन्मजात

बलात्कार

गुस्साओ मत
दाँत पीसकर बेकार दाँत घिस लोगे
मैं जो कहता हूँ
वह पूर्वग्रह हीन है
कड़ुआ है
सहज किंतु
तुम हो चोर
झूठे
दंभी
कहने और करने में
तुम्हारे अलावा हैं मुखौटे
तुम हो बेईमान
और व्यभिचारी
बस इतना सह लो
दिन को नहीं तो रात में ही
अंधेरे में भी स्वीकारो
नहीं तो कभी
कह देता हूँ
उठकर मैं
अपने ही साथ तुम्हारा भी
परदा फाड़ दूँगा।

लेकिन, राजकमल जीता है

किसने कहा कि वह मर गया
यह कहना झूठ है
वह जीता है
जीता ही रहता है
मौत का अंधेरा
जीवन के सूर्य को
हर रोज मारकर भी
असफल ही रहता है
वह जीता है
जीता ही रहता है

हर रोज सुबह में
अंधियाली चीर कर
होता है असंदिग्ध
ज्योति का विस्फोट
ऐतिहासिक सत्य है
जिंदगी की चोट

मनुष्य है सत्य
मनुष्य है शिव...सुंदर
मनुष्य है तथ्य
और उसका शिल्प
उसकी सृष्टि

गद्य
पद्य
चित्र आदि
रचना-समष्टि
प्वाइंट ऑफ ऑर्डर
फाइल पर का नोट
जुलूस के नारे
चुनाव का वोट
इजलास पर का जजमेंट
दस्तावेज का ड्राफ्ट
माँ-बाप
औरत-बेटा
सबको लिखी चिट्ठियाँ
एक-एक शब्द
अर्थ
एक-एक अक्षर
रुदन-हास्य-गान का
एक-एक स्वर
उसके सिद्धांत और उसकी क्रांति
उसका बलिदान, त्याग और प्रगति
समष्टि या व्यष्टि
चाहे हो अस्वीकृति
चाहे स्वीकार
बन गया सार्वजनीन
विश्व की संपत्ति
जिंदगी की आग में
मरण जल गया
किसने कहा कि वह मर गया।

(राजकमल के जीवन-दर्शन पर आधारित।)

07.11.1967

सर्वेषामविरोधेन

किसी फूल
किसी निर्झर
किसी वन्या का गीत
जो गाता है
उससे मेरा कोई विरोध कहाँ है?

मगर पुराने प्रतीक और संदर्भ
जिसकी कल्पना के विषय हैं
अज्ञान या आज्ञान
दुहराव ही जिसकी रचना है
उसमें कोई शोध कहाँ है?

गतिमान, इतिहास, धन्य रहो
पुराने उच्चैः श्रवा पर चढ़ना
तुम्हें पसंद है
तो मुझे तुमसे कोई प्रतिशोध कहाँ है
विरोध कहाँ है?

किंतु
श्रुतिरसिकों की वाहवाही से गर्वित
मंचाधीशी काव्य की
'पराजित स्वर' के अतिरिक्त
दूसरी संज्ञा क्या है?

और जो परंपरा का जंगल उजाड़ कर
नई फसल को सींचता है
तो तुम्हारे सिर में दर्द क्यों होता?

आज के युगसत्य से परिचय करो
हे गीतबंधु
जरा जीवन के यथार्थ को समझो
पहचानो—
यह कुंठित
उलझी-उलझी
संत्रस्त साँस
तुम्हारी है या नहीं?

प्राच्यप्रभा : मई-जून 1969

अता–पता

तुम कौन हो
यह मैं क्या जानूँ
कैसे दूँ तुम्हारा परिचय
अता–पता
और उसकी आश्वस्ति
जब मैं खुद को नहीं पहचानता
कि मैं कौन हूँ।

वैसे, मैं आज चालीस साल से ज्यादा हुआ
अपने साथ रहता
हमेशा नहीं तो सब रोज
शायद थोड़ी देर को जरूर
और इतना जानता हूँ कि मेरे भीतर में
खोया हुआ एक व्यक्ति है।
खुले आकाश में बिजली चमकती है
और वह प्रतीत होती है।

जब वासंती वातास के झोंके
या चैत्रक्षपा के जोश में
मेरा कोई मित्र
अपनी प्रेमकथा के
किसी रोमांस का वर्णन करने लगता है
तो मैं तटस्थ बना

घुस जाता हूँ अपने खोल में
रहता हूँ तब मैं और मेरा वह व्यक्ति
बस; केवल तभी
मैं निरावरण हो
उससे तादात्म्य हो जाता हूँ
उसे जानता हूँ, पाता हूँ।

खोल तो तुम्हें भी है
लेकिन—
क्या तुम्हारे अंदर भी व्यक्ति है?
क्या तुम्हें भी पता है...?

प्राच्यप्रभा : अगस्त-सितंबर 1969

कुछ परिभाषाएँ

जीवन

एक अपरूप शक्ति
जिसके आने पर होता उत्सव-समारोह
जाने पर छाती पीटता है मोह
रहने पर होती है विवशता की वेदना
एक निर्मोही अतिथि बना।

भूख

आदिम युग का एक अशरीरी दैत्य
जो सारी दुनिया में व्याप्त है
चेतना की गति है
पर असमाहित समस्या है
सर्वथा असमाप्त है
समुद्र-मंथन का अमृत पीकर
अजर-अमर सार्वभौम
बना हुआ है दुष्ट
सबको बेचैन बनाए रहता है
कुरूप, अश्लील, भयंकर, असंतुष्ट।

प्रेम

एक अभीप्सित व्यापार
किसी सुंदर देवता का वरदान
जिसके नाम पर होता आया है
ऐतिहासिक निर्माण
प्रलयंकर ध्वंस
पाने को सब कोई रहता बेहाल
पाने पर हो जाता बिल्कुल बेसम्हाल।

दम्पत्ति

एक जोड़ा पंछी
विभिन्न दिशाओं से आकर
किसी पेड़ की डाल पर
बड़ी तन्मयता से नीड़ बनाते हैं
आँधी-तूफान से आतंकित
बंदर बिल्ली से आशंकित
पाँखों में दायित्व
आँखों में कल्पना
चोंच में है दाना और मन में अनुराग
परवाह नहीं छिपा रहे
कहीं कोई नाग!

मृत्यु

एक शांतिदायक सत्य
चिरायते की तरह कड़वी घूँट
पीना नहीं चाहता कोई
मगर सभी पीते हैं

पीने के लिए ही जीते हैं
सारी यंत्रणाओं की
एक मात्र महौषधि
सबका परम मित्र
जीवन की अवधि
कौन कहे किसे कहाँ
कब वह मिल जाय?

आत्मनेपद

मानो अपने को राम भले
मुझको न तनिक आपत्ति
किंतु न मैं मारीच
मारकर तुम सींकी का वाण
उड़ा दोगे शत योजन दूर
मैं हूँ तेज:पुंज प्रखर मार्त्तण्ड
यदि चाहो मुझको करना आक्रांत
तो संपाती सा बनने को ढूँढते
रहो मित्र, निश्चयतः सदा वृतोऽस्मि

विहान

समाधिग्रस्त जनता
किसी नई बात से बेतरह
भड़कती है
लाल कपड़े देखकर
बिदके ज्यों भैंस
तीन सिंहों के स्तूप में
चेतना है बंदिनी
सचमुच हे अहले वतन
हम खूब-खूब खुश हैं
योजना के फाइल में है
सारा देश बंद
अगरबत्तियाँ दे रहीं
समाजवादी गंध

सच तो यह है ही कि
कहीं अगर रोशनी टिमटिमाती है
तो अंधेरा भी बढ़ा ही है
आज से बाईस साल पहले की
बनिस्बत।

आज भी इस धरती का
हिया है उदास
चारों ओर कर रहे

शब्दों के प्रेत अट्टहास
गेहूँ की बालियों पर
हथौड़ा है गिर रहा
बरगद के पेड़ पर
वायस-दल चिर रहा
हंसिया है काट रहा
अंधाधुंध सिर
झोपड़ी बुरी तरह
आज रही गिर
तारा अंधेरे में आसमान चढ़ा था
धरती से दूर था
इसलिए दुख-दर्द धरती का
किताबों में पढ़ा था
वह भी गया भूल
गिर रहा उल्का की धूल
दीपक प्रकाश से कतराता है
उसके तले में इतना
अंधियारा है कि
ठीक से नजर नहीं आता है
बैलों की जोड़ी थी प्रजननहीन
शुरू ही ही आशा थी क्षीण
संतान कहाँ से हो
उसके भी हो गए हैं
दावेदार दो

बूढ़े दोनों को लग गया स्वाद
जिस धरती पर कभी बीज बोये थे
उसके ही पौधों को चट कर गए
क्या होगा देने से पानी और खाद
कैसी विडंबना है

प्रतीक सारे छोड़ भागे अर्थ
हो रहा अनर्थ
अलबत्ता स्वराज्य अब
हो गया है बालिग
फिर भी हकलाता है
भीख की रोटी खा-खाकर
स्वाभिमान खो बैठा है
दृष्टि नहीं उठाता है
कुंठित है
कुछ भी यह सोच नहीं पाता है
इसी से अब लाजिम है
सब कुछ का भंजन
नए सिरे से हो सके
जिससे विहान
मिले नई जान।

09 अप्रील 1970

• • •